

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | मंगलवार, 05 नवंबर 2024 | वर्ष: 01, अंक: 252, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## उत्तराखंड के अल्मोडा में 200 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, 36 लोगों की मौत, कई घायल

**एजेंसी**

**अल्मोडा** । उत्तराखंड के अल्मोडा से एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां यात्रियों से भरी एक बस सड़क से फिसलकर 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई, जिससे 36 यात्रियों की मौत हो गई। मरने वालों में बच्चे भी शामिल है। गढ़वाल से कुमाऊं तक यात्रियों को ले जा रही यह बस सोमवार सुबह एक बड़े हादसे का शिकार हो गई। हादसे के समय बस में क्षमता से अधिक सवारी भरी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे से पहले बस ने अपना नियंत्रण खो दिया था। इस हादसे में मरने वालों की संख?या अभी और बढ़ सकती है, क्योंकि





दुर्घटना के समय बस में लगभग 40 लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार, जब खचाखच भरी बस कुपेल गांव के पास पहुंची तो चालक ने उस पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह गहरी खाई में जा गिरी। उत्तराखंड पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) सहित क्षेत्र में आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों को खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए तुरंत तैनात किया गया है।बचावकर्मी जीवित बचे लोगों को निकालने और घायलों को नजदीकी चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचाने के काम में जुट गए हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं और उन्होंने जानमाल की क्षति पर गहरा दुख व्यक्त किया है।सोशल मीडिया पर एक बयान में सीएम धामी ने राहत कार्यों पर प्राथमिकता से जोर दिया। उन्होंने कहा, अल्मोड़ा जिले के मार्चुला में हुई एक बस दुर्घटना में यात्रियों के हताहत होने के संबंध में दुर्भाग्यपूर्ण खबर आई है। जिला प्रशासन को तेजी से राहत और बचाव कार्य चलाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को आवश्यकतानुसार हवाई मार्ग से ले जाया जाएगा। स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ टीमों के साथ पीड़ितों के परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए चुनौतीपूर्ण इलाके को नेविगेट करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।यह घटना उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा और व्हीकल रेगुलेशन के बारे में चल रही चिंताओं को उजागर करती है।

## तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**एजेंसी**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ/तुंगनाथ** । पंचकेदारों में प्रतिष्ठित तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर के कपाट आज पूर्वाह्न 11 बजे शुभ मुहूर्त पर विधि-विधान से शीतकाल के लिए बंद हो गए। पांच सौ से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। इस यात्रा वर्ष में पौने दो लाख श्रद्धालु तुंगनाथ पहुंचे।

कपाट बंद होने के बाद भगवान तुंगनाथ की उत्सव डोली ने स्थानीय वाद्य यंत्रों ढोल- दमाऊं सहित बाबा तुंगनाथ के जय उद्घोष के साथ प्रथम पड़ाव चोपता को प्रस्थान किया। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने तुंगनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा वर्ष एक लाख सत्तर हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने भगवान तुंगनाथ के दर्शन किए। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने भी कपाट बंद होने पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। कपाट बंद होने के एक दिन पहले श्री तुंगनाथ मंदिर में यज्ञ- हवन किया गया था। आज प्रात- साढ़े चार बजे मंदिर खुला। प्रातःकालीन पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान तुंगनाथ जी के दर्शन किए। ठीक दस बजे मंदिर गर्भगृह में कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। भगवान तुंगनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को श्रृंगार रूप से समाधि स्वरूप में ले जाया गया। शिवलिंग को स्थानीय पुष्पों, फल पुष्पों , अक्षत से ढक दिया गया। इसके बाद मठापति रामप्रसाद मैठाणी,प्रबंधक बलबीर नेगी डोली प्रभारी प्रकाश पुरोहित,की उपस्थिति में पुजारी अतुल मैठाणी तथा अजय मैठाणी ने तुंगनाथ मंदिर के कपाट बंद किए।

कपाट बंद होने के बाद मंदिर समिति कर्मचारियों और श्रद्धालुओं के साथ मंदिर की परिक्रमा पश्चात अखोड़ी और हुडु गांव के हक-हकूकधारी भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह डोली के साथ चोपता को प्रस्थान हुए। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि आज भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह डोली चोपता प्रवास करेगी। पांच नवंबर और 06 नवंबर को चल विग्रह डोली दूसरे पड़ाव भनकुन प्रवास करेगी।

## कनाडा में फिर हिंदू मंदिर पर खालिस्तानी हमला: भारतीय उच्चायोग ने जताई गहरी चिंता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । कनाडा के ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने 4 नवंबर को एक बयान जारी कर खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है।

ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, 'हमने टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के साथ मिलकर आयोजित वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी तत्वों द्वारा हिंसक व्यवधान देखा है। यह देखना बेहद निराशाजनक है कि हमारे वाणिज्य दूतावास द्वारा स्थानीय सह-आयोजकों के पूर्ण सहयोग से आयोजित किए जाने वाले नियमित वाणिज्य दूतावास संबंधी कार्यों में इस तरह की रुकावट पैदा की जा रही हैं। हम भारतीय नागरिकों सहित आवेदकों की सुरक्षा के लिए भी बहुत चिंतित हैं, जिनकी मांग पर ही इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारत विरोधी तत्वों के इन प्रयासों के बावजूद, हमारा वाणिज्य दूतावास भारतीय और कनाडाई आवेदकों को 1000 से अधिक





जीवन प्रमाण पत्र जारी करने में सक्षम रहा। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भी हमले की निंदा की और कहा कि हर कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है।ट्रूडो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में आज हुई हिंसा अस्वीकार्य है। हर कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है।÷ कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर हुए हमले पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि, ÷कनाडाई प्रधानमंत्री द्वारा कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हुए हमलों की निंदा करना एक अच्छा कदम है। चूंकि कई भारतीय कनाडा में काम कर रहे हैं, जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है, मेरा मानना ??है कि कनाडा सरकार वहां रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा का ध्यान रखेगी।3 नवंबर को ब्रैम्पटन हिंदू सभा मंदिर के पास हुई घटना में खालिस्तानी चरमपंथियों ने विरोध प्रदर्शन किया और भारतीय तिरंगे को थामे एक समूह के साथ उनकी झड़प हो गई। वीडियो फुटेज से पता चलता है कि खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों ने विरोधी समूह पर हमला किया।

मंदिर में आने वाले कई लोग सुरक्षा की तलाश में मंदिर परिसर में भाग गए, जिससे चरमपंथियों ने मंदिर पर हमला कर दिया। इससे पहले, विंडसर, मिसिसॉगा और ब्रैम्पटन में मंदिरों को भी इसी तरह की तोड़फोड़ का सामना करना पड़ा था, जिसकी कनाडाई और भारतीय नेताओं ने निंदा की थी।

कनाडा और भारत के बीच संबंधों में उस समय गिरावट आ गई जब ओटावा ने 45 वर्षीय कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की 2023 में वैंकूवर में हत्या की साजिश रचने का आरोप भारत सरकार पर लगाया था। निज्जर एक प्रमुख खालिस्तान कार्यकर्ता था।

## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, महाराष्ट्र की डीजीपी रश्मि शुक्ला को हटाया, विपक्ष ने किया स्वागत



**एजेंसी**

**मुंबई।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला को हटाने का आदेश दिया है. कांग्रेस समेत राज्य के कई प्रमुख राजनीतिक दलों की ओर से रश्मि के खिलाफ शिकायत किए जाने के बाद आयोग ने उनका तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर कर दिया. कांग्रेस और अन्य दलों की ओर से की गई शिकायतों पर एक्शन लेते हुए, चुनाव आयोग ने डीजीपी रश्मि शुक्ला का तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर कर दिया, साथ ही मुख्य सचिव को यह निर्देश भी दिया कि वे कैडर में अगले सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को उनका कार्यभार सौंपें. सूत्रों के अनुसार, मुख्य सचिव को महाराष्ट्र के नए डीजीपी के पद पर नियुक्ति के लिए कल मंगलवार (दोपहर 1 बजे) तक 3 आईपीएस अधिकारियों का पैनल भेजने का भी निर्देश दिया गया है.

## 10 हाथियों की मृत्यु की घटना दुखद, प्रदेश में गठित होगी राज्य स्तरीय हाथी टास्क फोर्सः मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिवर्ज वन क्षेत्र में पिछ्ले दिनों 10 हाथियों की अलग-अलग दिन हुई मृत्यु की घटना दुखद है, जिसे राज्य शासन ने गंभीरता से लिया है। वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार सहित वरिष्ठ अधिकारियों के दल ने क्षेत्र का भ्रमण किया है। प्रारंभिक रिपोर्ट में कोई कीटनाशक नहीं पाया गया है। पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट आना शेष है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राज्य स्तरीय हाथी टास्ट फोर्स गठित किया जाएगा। हाथी- मानव सह अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए हाथी मित्र बनाए जाएंगे। जिन क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही अधिक है, वहां किसानों की फसलों को बचाने के लिए सोलर फेंसिंग की व्यवस्था होगी। साथ ही किसानों को कृषि के अलावा कृषि वानिकी एवं अन्य वैकल्पिक कार्यों से भी जोड़ने के प्रयास होंगे।


सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स

College Code : 01083

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्रा0 इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र राजनीति विज्ञान, उर्दू, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र




M.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्रा0 इतिहास

B.Sc. Agriculture B.Com/M.Com

B.Sc./M.Sc./D.El.Ed. (BTC) B.Pharma/D.Pharma

LL.B. B.A. L.L.B (प्रस्तावित) I.T.I. (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा)



संजय शुक्ल

प्रबंधक

छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध

Mob. 9451181332, 9956930129

## डीएम एसपी ने तहसील रामनगर में सुनी जनता की समस्याएं




**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** सोमवार को जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सभागार तहसील रामनगर में जनता की समस्याएं सुनी गई व उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रशासनिक/पुलिस अधिकारीगण भी मौजूद रहें।

## एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को 1090 व 112 के बारे में दी जानकारी



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्लमिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930-साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया।

## तहसील कसया पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम एसपी सुनी गयी जनता की फरियाद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** जिलाधिकारी कुशीनगर विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमति गुंजन द्विवेदी द्वारा सोमवार को तहसील कसया पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

## डीएम एसपी ने छठ घाटों पर बैरिकेडिंग, पार्किंग, प्रकाश ,साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में आगामी छठ त्यौहार के दृष्टिगत सोमवार को जिलाधिकारी कुशीनगर विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा मय पुलिस फोर्स थाना कसया क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण/निरीक्षण कर प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों को छठ घाटों पर बैरिकेडिंग, पार्किंग, प्रकाश ,साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।
इस दौरान उप जिलाधिकारी कसया, क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह, पीआरओ भूपेन्द्र दुबे तथा प्र0नि0 कसया गिरजेश उपाध्याय मौजूद रहे।

# डीएम एसपी ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के दिए निर्देश

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए



गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।
समाधान दिवस में शिकायतकर्ता प्रार्थी अलगूराम पुत्र शिवमोहन निवासी, ग्राम-जगदीशपुर मजरा मलाका पिंजरी, तहसील सिराथू थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि प्रार्थी ने अपने पेड के नीचे गौशाला बनाये था पेड के नीचे टीनशेड डाला था जनवरो को पानी से भीगने से बचने के लिए 40000 टीनशेड डाला था उसको प्रार्थी के पडोस के दंबग किस्म का व्यक्ति संतोष कुमार



पुत्र रामेश्वर प्रसाद व शिव सहाय पुत्र रामेश्वर प्रसाद ने अपने घर में औरतों और रिस्तेदारों को बुलाकर प्राथी का टीनशेड गिराकर तोडफोड कर ध्वस्थ कर दिये है प्रार्थी आवेदन किया है, जिस पर जिलाधिकारी ने एस0एच0ओ0 मंझनपुर को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें।
इसी प्रकार शिकायतकर्ता कृष्ण मोहन पाडेण्य स्व0 रमाशंकर पाडेण्य निवासी नौढिया आमद करारी परगना व तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी का मूल निवासी है द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि प्रार्थी वर्ष 2023 में एक माह हकबन्दी का मोमिल किया जिसकी पैमाइस के बाद पत्थरगढी का आदेश दिनांक 8.04.2024 हो न्यायालय द्वारा पारित किया गया तबसे लेकर आजतक उक्त प्रार्थी के पैरवी करने के पश्चात भी पत्थरगढी नहीं करायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें।
तहसील मंझनपुर में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार चायल तहसील में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने जनसुनवाई की।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं उप

## दो दम्पति को एक साथ रहने हेतु किया गया राजी







**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में सोमवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 02 प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा 15 दिन बाद दम्पति की कुशल क्षेम पूछने हेतु पुनः बुलाया गया है।

## मिशन शक्ति दीदी ने पंपलेट बताकर किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस क्रम में *थाना सैनी, थाना संदीपन घाट, थाना महेवा घाट, थाना पिपरी, थाना सराय अकिल, थाना मो0पुर पइंसा,थाना पश्चिम शरीरा ,थाना मंझनपुर ,थाना कौशांबी , महिला थाना की पुलिस टीमों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/महिलाओं* को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- *(1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा* आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं *(1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## पुलिस ने अभियान चलाकर छः वारंटी पकड़े











ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज
कौशांबी। कप्तान बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर अभियान चलाकर दो थानों की पुलिस ने 6 वारंटी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
थाना पिपरी पुलिस उ०नि० विश्वेन्द कुमार यादव ने वारण्टी अभियुक्त नन्दलाल पुत्र बच्चन सिंह उर्फ भोदू नि० गांजा थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।
थाना कोखराज पुलिस उ०नि० हरीश तिवारी ने वारण्टी अभियुक्त धर्मराज पुत्र नन्दलाल पासी व तीरथ पुत्र जगरनाथ नि० टीकरडीह बैरहना , मख्खन लाल पुत्र मुल्लू पासी नि० निधियांवा व गोवर्धन पुत्र श्रीकृष्ण नि० बम्हरौली थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा आगामी त्योहार छठ पूजा के दृष्टिगत घाघरा घाट का किया गया निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।** सोमवार को जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा आगामी त्योहार छठ पूजा पर्व को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत घाघरा नदी पर स्थित घाटों का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान अन्य प्रशासनिक अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक रामनगर अजय कुमार त्रिपाठी व ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

# अवध शुगर मिल का पेराई सत्र हवन पूजन कर विधि विधान के साथ प्रारम्भ





**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**स्योहारा।** सोमवार को अवध शुगर मिल का पेराई सत्र हवन पूजन कर विधि विधान के साथ प्रारम्भ किया गया। दोपहर दो बजे पंडित राकेश शर्मा दुर्गादत्त जोशी, देवीदत्त शर्मा व मुकेश द्विवेदी ने मंत्रोच्चार के बाद हवन पूजन किया। शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर व अशोक कुमार मित्तल राजीव त्यागी एबीपी टेक्निकल मुख्य यजमान रहे। लगभग तीन बजे चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया।
अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर ने कहा कि किसान और मिल एक दूसरे का पूरक होते हैं। किसानों के सहयोग के बिना मिल का संचालन नहीं किया जा सकता। गन्ना महाप्रबंधक बलवंत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में मिल गेट सहित कुल 149 गन्ना क्रय केन्द्र बनाए गए गए हैं। गन्ना मूल्य सरकार के निदेर्शानुसार दिया जाएगा। इस दौरान अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह, ईबीपी अशोक कुमार मित्तल, गन्ना महाप्रबंधक बलवंत सिंह, ईबीपी टेक्निकल राजीव त्यागी, विवेकानंद शर्मा प्रोडक्शन मैनेजर, एचआर विवेक श्रीवास्तव, एडवोकेट राजेश कुमार शर्मा, प्रमोद कालिया, इंजीनियर प्रीतम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी स्योहारा ने शुगर मिल के गन्ना पेराई सत्र के मौके पर दो रकात नमाज शुकराना अदा की ताकि मिल सही सलाम चले और किसान भाई खुश रहे, धर्मेंद्र सिंह, अमर सिंह तोमर, संजीव भारद्वाज, अविनाश जोशी, राजेंद्र सिंह, फाइनेंस शशिकांत शुक्ला, सुमित कुमार, विवेक शंकर, स्टोर मैनेजर अनुज कुमार, अनिल कुशवाहा, चंचल शर्मा, चौधरी श्याम सिंह, अहलावत यशपाल सिंह, एहसन एडवोकेट चौधरी, गजेंद्र सिंह टिकैत, आलोक नागर, रतुल त्यागी आदि मौजूद रहे

## जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सिराथू का किया औचक निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय सिराथू का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान डिजिटल उपस्थिति रजिस्टर, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति व साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा।
उन्होंने वहॉ पर उपस्थित बच्चों से गणित के सवाल पूछे जिसका बच्चों ने सही-सही उत्तर दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं बच्चों को पढाया भी।
इस निरीक्षण में सभी अध्यापक उपस्थ्ति पाये गये, बच्चों की उपस्थिति कम पायी गयी, जिस पर बच्चों की उपस्थिति बढाने के निर्देश दिए गये।

## एसपी द्वारा दरोगा की अचानक दु:खद निधन होने पर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** थाना कुर्सी में नियुक्त उ0नि0 विजय कुमार पुत्र शिववचन निवासी भरवल थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर, जो दिनांक एक नंबर को ड्यूटी पर थे, जिनका अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया। जिन्हें परिजनों द्वारा उपचार हेतु राममनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया। रविवार को उपचार के दौरान उ0नि0 विजय कुमार का दुःखद निधन हो गया। सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा उ0नि0 विजय कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर दिवगंत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

## जुआ खेलते 10 अभियुक्त गिरफ्तार, 15 हजार नगदी ताश के पत्ते बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** फाफामऊ पुलिस सोमवार को मुखबिर की सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगा रहे 10 लोगों को गिरफ्तार कर नगदी व ताश के पत्ते बरामद कर लिखा पढ़ी किया।

थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा 10 अभियुक्त सचिन कुमार पुत्र हरि कुमार कनौजिया निवासी सराय गोपाल थाना फाफामऊ. राजेश कुमार पुत्र स्व0 राम अभिलाष कुमार कनौजिया निवासी भदरी. मो0 मुस्तकिम पुत्र मो0 असीम निवासी मलाका चेक पोस्ट. आशीष कुमार पटेल पुत्र कडेद्दीन पटेल. ज्ञानेन्द्र पटेल पुत्र कड़ेदीन पटेल निवासीगण सराय गोपाल. माधव पुत्र भोला नाथ . संदीप कुमार पुत्र स्व0 ओम प्रकाश . शुभम कुमार पुत्र राज कुमार . मनोज कुमार पुत्र दुखी लाल . जय सिंह पुत्र राम अवतार निवासीगण भदरी थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत मलाका स्थित द्रुति अस्पताल के पास से जुआ खेलते हुए मालफड़ से प्राप्त 13790/- रुपए, जामातलाशी का 1950/- रुपए व 52 ताश के पत्ते (01 गड्डी) के साथ गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

उ0नि0 विपिन यादव. उ0नि0 विनय कुमार यादव. उ0नि0 रामआधार यादव. उ0नि0 शुभ्रांशु कुशवाहा. उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार. उ0नि0 सूरज, थाना फाफामऊ।

## उपनिरीक्षक आलोक पांडेय को स्टार लगाकर कप्तान ने दी शुभकामनाएं



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** सोमवार को उ0नि0 आलोक कुमार पाण्डेय (थानाध्यक्ष धाता) की पदोन्नति निरीक्षक पद पर होने पर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल द्वारा वर्दी में स्टार लगाकर बधाई दी गयी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

## चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, तमंचा कारतूस नगदी बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना हुसैनगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त मुलायम उर्फ विनोद यादव पुत्र बसन्तलाल , बृजेश कुमार पुत्र स्व0 राधेश्याम धुरिया उर्फ भोला निवासीगण ग्राम गलगली थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः**

सत्यपाल सिंह थानाध्यक्ष हुसैनगंज.उ0नि0 अवधेश सिंह।

## फूलपुर फ्लाई ओवर के जाम से नहीं मिल रही निजात यात्री परेशान

**मौजी लाल रावत**

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर।** फूलपुर रेलवे क्रासिंग पर बना ओवर ब्रिज परेशानियों का सबब बनता जा रहा है आए दिन लगने वाले जाम से स्थानीय यात्रियों के साथ आजमगढ़,जौनपुर,बदलापुर आदि स्थानों से प्रयागराज जाने आने वाले यात्रियों के लिए उक्त रेलवे क्रासिंग का ओवर ब्रिज नासूर बनता जा रहा है तहसील मुख्यालय के पास दशक की दोनों तरफ पटरियों पर अवैध कब्जा करके दुकानदार और जाम की स्थित पैदा कर रहे है जिसके चलते लोग जाम से आए दिन परेशान रहते है स्थानीय पुलिस प्रशासन भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है जिसके चलते अधिकांस लोग उक्त जाम में फंस कर घंटों परेशान रहते है स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रदेश और केंद्र सरकार महाकुंभ 2025 की तैयारियों में जुटा है लेकिन फूलपुर की सबसे बड़ी समस्या का समाधान की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है लोगो का कहना है कि जब अभी यह हाल है तो महाकुंभ का क्या हाल होगा जब बलिया,आजमगढ़,जौनपुर सहित पूर्वांचल प्रदेश के हजारों वहां इस ओवर ब्रिज से प्रतिदिन गुजरेंगे तो फूलपुर का क्या हाल होगा फूलपुर में विधानसभा उपचुनाव चल रहा है सभी पार्टियां जीत के लिए अपना अपना दावा ठोक रही है लेकिन इस जटिल समस्या का मुद्दा कोई नहीं उठा रहा है आखिर इसका समाधान कैसे होगा इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

# यहूदी ईशा बेंजामिन किन्नर अखाड़ा में बनेगी महंत

### सनातन धर्म की मजबूती के लिए है जरूरी : डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी।

### सनातन धर्म को मजबूत करना है : जगद्गुरु शांडिल्य महराज

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा का घर वापसी अभियान व्यापक स्तर पर जारी है। मुम्बई की 45 वर्षीय यहूदी ट्रांसजेंडर ईशा बेंजामिन किन्नर अखाड़ा में शामिल हो गयी है। उनको तीर्थराज प्रयागराज के महाकुंभ में किन्नर अखाड़ा में महंत के पद पर पट्टाभिषेक कर महंत बनाया जाएगा। ईशा के पिता यहूदी और माता हिन्दू थी । ईशा पोस्ट ग्रेजुएट हैं। वह अमेरिकन बैंक एफआईएस कंपनी में कार्यरत हैं। ईश का कहना है कि माता के हिन्दू होने की वजह से सनातन धर्म की ओर शुरू से झुकाव था। सनातन धर्म के बारे में मां से बहुत कुछ सीखा और जाना था। ईशा ने बताया कि वह करीब तीन वर्ष से किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज के संपर्क में आयी है तब से सनातन धर्म के बारे में बहुत कुछ जानकारी हुई है और सीख भी रही हूं। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में आकर उसको मजबूत करते हुए प्रचार प्रसार करना है। सभी नियमों को मानना है। किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज का कहना है कि ईशा शिक्षित हैं। वह सनातन धर्म के बारे में बहुत कुछ जानती है। ऐसे में ईशा के सनातन धर्म में आने से सनातन धर्म को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में ईशा बेंजामिन को किन्नर अखाड़ा का महंत बनाया जाएगा। जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज श्रृंगवेरपुर धाम ने किन्नर अखाड़ा की पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आज सनातन धर्म को मजबूती और प्रचार प्रसार की जरूरत है इसके लिए किन्नर अखाड़ा की पहल सराहनीय और प्रशंसनीय है। जगद्गुरु स्वामी शांडिल्य जी महराज ने बताया कि किन्नर अखाड़ा सनातन धर्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इस दौरान उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और उप्र किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मां), महामंडलेश्वर स्वामी पवित्रा नंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी गायत्री नंद गिरि, समाजसेवी राजीव कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य डा हरिप्रकाश यादव सहित अन्य प्रमुख लोग थे।

# पुलिस द्वारा तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**






**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना ललौली पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त इन्द्रपाल पुत्र छोटवा निषाद निवासी ग्राम चौराहा डेरा मजरे कोण्डार थाना ललौली जनपद फतेहपुर वारंटी अभियुक्त भूरा पुत्र रजबी. इंसाफ पुत्र रईस निवासीगण गंगईपार थाना ललौली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

# महाकुंभ मेला-2025 के लिए उन्नत ड्रोन तकनीक के साथ निगरानी क्षमताओं को बेहतर कर रहा रेलवे सुरक्षा बल

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** हवाई निगरानी क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण प्रगति के क्रम में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने तीन इंडो विंग्स साइबरोन प्रो क्वाडकॉप्टर ड्रोन प्राप्त किए हैं । ये माइक्रो यूएवी ?34,35,075 के बड़े निवेश का हिस्सा हैं और 30 महीने तक की व्यापक वारंटी के साथ आते हैं।

इन अत्याधुनिक ड्रोन के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए, आरपीएफ जोनल ट्रेनिंग सेंटर, सूबेदारगंज द्वारा 28 से 30 अक्टूबर, 2024 तक एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में प्रयागराज मंडल के 19 आरपीएफ कर्मचारियों/अधिकारियों, लखनऊ डिवीजन के 05 आरपीएफ कर्मचारियों/अधिकारियों और जीआरपी के 04 कर्मियों सहित 28 कर्मियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में महाकुंभ मेले के दौरान निगरानी, भीड़ प्रबंधन और लाइव निगरानी जैसे कार्यों के लिए साइबरोन प्रो ड्रोन की परिचालन दक्षता को अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

साइबरोन प्रो ड्रोन सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक कई कार्यों को संभालने के लिए सुसज्जित हैं, जिसमें उच्च-रिजॉल्यूशन फोटो कैप्चर करना, वीडियो रिकॉर्ड करना, लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग, स्क्रीनशॉट लेना और थर्मल वीडियोग्राफी करना शामिल है। प्रत्येक ड्रोन में 45 मिनट का उड़ान समय, पर्याप्त 128ऋइ स्टोरेज क्षमता है और यह 12 मीटर/सेकंड तक की गति से संचालित होता है।

इसके साथ, रेलवे सुरक्षा बल महाकुंभ मेले में आ रहे लोगों और प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बेहतर निगरानी और भीड़ प्रबंधन क्षमताएँ प्रदान करने के लिए तैयार है। ये ड्रोन उत्तर मध्य रेलवे द्वारा बड़े पैमाने पर होने वाले आयोजनों में आधुनिक तकनीक का लाभ उठाने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो सार्वजनिक सुरक्षा तैयारियों में एक मील का पत्थर है।

# कनाडा में मन्दिर पर हमला निन्दनीय, सख्त कार्रवाई हो

### जगद्गुरु भुवनेश्वरी नन्द गिरि जस्टिन ट्रूडो पर बरसी। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो : जगद्गुरु भुवनेश्वरी नंद

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** माँ कामाख्या देवी आसाम,श्री काली माता मन्दिर पटियाला के पीठाधीश्वर,हिन्दू सुरक्षा समिति व श्री हिन्दू तख्त के धमार्धीश और जूना अखाड़ा के जगद्गुरु भुवनेश्वरी नन्द गिरि महाराज ने कहा की कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को सनातनियों से दोयम दर्जे का व्यवहार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कनाडा में कभी, कहीं कभी कहीं खालिस्तानियों द्वारा हर रोज भारत के सनातनीयों से कभी मन्दिर में कभी भारत माता के जयकारों और भारतीय ध्वज तिरंगे को लेकर सनातनियों से दोहरा व्यवहार किया जा रहा है। कनाडा की सरकार को समय रहते इन खालिस्तानियों पर जल्द ही नकेल कसनी चाहिए।

जगद्गुरु स्वामी भुवनेश्वरी नंद गिरी ने कहा कि भारत देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी,ग्रह मंत्री अमित शाह को ब्रमंटन में अब जो हनुमान मन्दिर पूजा करने आये श्रद्धालुओं पर हुए हमले पर भारत के पुरे संत समाज एवं सभी सनातनियों रोष बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें जिससे कि ऐसी अराजक स्थिति पर सख्ती से रोक लग सके।

जगद्गुरु स्वामी भुवनेश्वरी नंद गिरी ने कहा कि एक तरफ आगामी दिनों सनातन जगत का महापर्व कुंभ में भी अब यह चर्चा विषय बना हुआ है जिसके कारन संत समाज में बहुत रोष है। कहा कि भारत सरकार को कनाडा सरकार से मिलकर बात करनी चाहिए इन कुछ शरारती तत्वों पर नकेल कसनी चाहिए मुँह तोड़ जवाब देना चाहिए और जिसके साथ दोनों देशों में शांति और हिन्दू सिख भाईचारे में एकता बनी रहे।

# डीएम ने कानुनगो एवं लेखपालों के साथ की बैठक

### ग्राम समाज की जमीनां /तालाबों पर जहॉ कही भी अवैध कब्जा हो उनको चिन्हित कर अभियान चलाकार अवैध कब्जा से मुक्त करायें

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** डीएम मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त उसी सभागार में कानुनगो एवं लेखपालों के साथ बैठक की गयी।

बैठक में उन्होंने कानूनगो व लेखपालों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि तालाबों में किसी भी दशा में अवैध अतिक्रमण न होने पाये एवं जहॉ कही भी तालाबों पर अवैध अतिक्रमण है उन्हें तत्काल हटायें। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में ज्यादातर अवैध अतिक्रमण/कब्जों की शिकायतें आती है। उन्होंने कहा कि ग्राम समाज की जमीन पर जहॉ कही भी अवैध कब्जा हो उनको चिन्हित कर अभियान चलाकार अवैध कब्जा से मुक्त करायें। उन्होंने कहा कि इसकी मानीटरिंग तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा की जायेंगी।




जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 के निस्तारण में तहसील सिराथू की रैकिंग खराब है उन्होंने सभी से कहा कि आई0जी0आर0एस0 के निस्तारण में शिकायतकर्ता से वार्ता बेहद जरूरी होती है। आप सभी आई0जी0आर0एस0 का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करेंगें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव सभागार में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आई0जी0आर0एस0 के शिकायतों का गम्भीरता पूर्वक निस्तारण करने व शिकायतकर्ता का फीडबैग अवश्य लेने को कहा है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अजेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## डीएम ने गंगातट से प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ के लिए आम जनमानस से किया अपील

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज ।** जोनल अधिकारी संजय ममगाई के नेतृत्व में नगर निगम प्रयागराज द्वारा आयोजित गंगा उत्सव कार्यक्रम में आज प्रयागराज के जिला अधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ नगर निगम प्रयागराज द्वारा किए जा रहे कएउ गतिविधि में ना सिर्फ शामिल हुए बल्कि हर दुकान दस्तक अभियान, नुक्कड़ नाटक, और प्लास्टिक मुक्त के लिए प्लास्टिक राक्षस बने लोगों के साथ तस्वीरें भी ली और जोनल अधिकारी संजय ममगाई जी से बात करते हुए उन्होंने कहा इस तरह के गतिविधि को ओर बड़े स्तर पर करने की जरूरत है हम सब शामिल होकर इस महाकुंभ को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनायेंगे।

जिला अधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ ने कहा "प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ के लिए नगर निगम प्रयागराज द्वारा की जा रही गतिविधियां सराहनीय है महाकुंभ के क्षेत्र के साथ-साथ जो महाकुंभ के क्षेत्र से दूर है वहां तक भी इस तरह की गतिविधियां संचालित करने की आवश्यकता है ताकि ये स्वच्छता का महाकुंभ पूरे विश्व को एक स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ का संदेश दे"

कार्यक्रम के शुरूआत में जोनल अधिकारी संजय ममगाई ने जिला अधिकारी जी का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की उसके बाद सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस की ओर से नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई और अंत में स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने गंगा आरती में शामिल होकर इस महाकुंभ को स्वच्छ,सुंदर ,पवित्र और प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने के लिए प्रार्थना की।

## भाजपा प्रत्याशी फूलपुर दीपक पटेल का जन संपर्क लागतार जारी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**सहसों।** फूलपुर से भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने शनिवार को मंडोर, विरगापुर, लाहुरपुर, लोढ़वा, यरना, बद्रुद्दीनपुर सरायरहिया झूँसी आवास विकास कालोनी

आदि गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से समर्थन व वोट मांगा उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में 7 साल के अंदर ऐतिहासिक विकास कार्य किया है गांव तक योजनाओं को पहुंचाया है चाहे आवास हो या शौचालय अपराध मुक्त समाज की स्थापना की है भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुझे प्रत्याशी बनाया गया है कमल के बटन को दबाकर मुझे चुनाव जिताएं मैं आपको कभी शिकायत का मौका नहीं दूंगा।अश्वनी दुबे, डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश मौर्या, अरुणेन्द्र यादव डब्बू, वीपेन्द्र पटेल, राजेंद्र पटेल, विक्रम सिंह पटेल,अरुण मिश्रा पिन्टू नेता, उमेश तिवारी, चंद्रजीत,विकाश पटेल अविनाश निषाद, शेखर सिंह आदि मौजूद रहे।

## हण्डिया पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राम सिंह यादव**

**सबसे तेज प्रयागराज**




**हंडिया ।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट द्वारा अपराध एवं अपराधियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर के निर्देशन व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल परिवेक्षण में मुझ प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम मय थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा सोमवार को समय 12.15 बजे (दिन मे) थाना हण्डिया अंतर्गत क्षेत्र "जगदीशपुर पानी की टंकी के पास" से एक वांछित अभियुक्त रविशंकर गौतम पुत्र स्व० मुन्नी लाल गौतम निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना हण्डिया कमि० प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम थाना हण्डिया, उपनिरीक्षक अमित कुमार थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

## न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बारा।** गाजियाबाद में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में बारा तहसील के अधिवक्ता सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे।

बारा एसोसिएशन बारा के अध्यक्ष सी पी द्विवेदी की अध्यक्षता में सभागार में अधिवक्ताओं ने एक बैठक कर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। बताया कि बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश ने हड़ताल का आवाहन किया है। इसके अतिरिक्त प्रयागराज के फूलपुर तहसील में निर्दोष अधिवक्ताओं पर झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई है। अधिवक्ताओं ने इसकी निंदा किया। जिला अधिवक्ता संघ द्वारा पारित निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया गया। अधिवक्ताओं के कार्य से विरत रहने के कारण दूर दराज से आए ग्रामीण परेशान रहे। इस अवसर पर कमलाकर सिंह, अयोध्या प्रसाद पाठक, देवमणि यादव,के के मिश्रा, रूपेश त्रिपाठी, कमलेश्वर सिंह, गया प्रसाद त्रिपाठी, सुभाष शुक्ला, सत्यवान सिंह परिहार,दीपक द्विवेदी,नचकऊ कुशवाहा ,राज बहादुर सिंह,आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री रत्नाकर सिंह ने किया।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 10 नवंबर

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी इस योजना के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर 10 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। इस योजना के तहत 21-24 वर्ष की आयु के उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं। योजना के तहत भारत की टॉप 500 कंपनियों में 12 महीने तक इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन करने का मौका न चूकें! अंतिम कॉल का इंतजार न करें! इच्छुक और योग्य कैंडिडेट्स को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक पोर्टल पर जाकर इस योजना के लिए आवेदन कर दें, क्योंकि इस योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 नवंबर को बंद हो जाएगी। अपने भविष्य को आकार देने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं! मंत्रालय के मुताबिक करीब 800 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस योजना की शुरूआत 2 दिसंबर से पायलट प्रोजेक्ट्स के तहत इंटर्नशिप के लिए होगी। इसकी घोषणा केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 में की थी।

# मतदाताओं को 'रिश्वत' जैसी गारंटी की सियासत पर उठते सवालों का जवाब आखिर देगा कौन, पूछते हैं लोग!



पहले मतदाताओं को %रिश्वत% जैसी चुनावी गारंटी देने और फिर चुनाव जीत लेने के बाद उसे लागू नहीं करने की वादाखिलाफी एक ऐसा सुलगता हुआ सवाल है, जिसका जवाब लाभुक मांगते हैं, पर वह मिलती नहीं! जबकि ऐसा करके सत्ता में आने वाली सरकारों को शासन से बेदखल कर देना चाहिए और उनकी पार्टी की मान्यता रद्द कर देना चाहिए। ऐसा स्पष्ट प्रावधान यदि नहीं है तो कीजिए। क्योंकि यह विषय सियासत का नहीं, बल्कि मतदाताओं से सीधी धोखाधड़ी का है और ऐसे नेताओं के खिलाफ %420% (परिवर्तित धारा 318) वाला मुकदमा भी चलाया जाना चाहिए। इस मामले में सत्ता पक्ष व विपक्ष की सांठगांठ के खिलाफ सिविल सोसाइटी, प्रशासन, न्यायपालिका और मीडिया को आगे आना चाहिए। क्योंकि ऐसी वायदाखिलाफी की सियासत पर उठते सवालों का जवाब आखिर कौन देगा, भुक्तभोगी लोग सबसे पूछ रहे हैं। कभी कांग्रेस के दफ्तरों पर पहुंचकर, तो कभी मीडियाकर्मियों के मिलने पर। कभी विभिन्न विचार गोष्ठियों में तो कभी सड़कों पर। इस मामले का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि अब खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी पार्टी के नेताओं को सिर्फ वही चुनावी गारंटी देने के वायदे करने की नसीहत दी है, जिन्हें सत्ता में आने के बाद पूरा किया जा सके! ऐसा इसलिए कि चुनावी गारंटी पूरे करने के मामले में तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की कांग्रेसी सरकारें फिसड्डी साबित हुई हैं। इससे कांग्रेस के जनाधार पर भी असर पड़ना स्वाभाविक है। समझा जाता है कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान की कांग्रेसी सरकारों के पतन के पीछे कुछ ऐसी ही वादाखिलाफी का हाथ है। यही वजह है कि भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ही बयान को आधार बनाकर अब कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।आपको पता होगा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल की मुफ्त बिजली-पानी की सियासत और जनसहुलियत भरी शिक्षा-चिकित्सा व्यवस्था की राजनीति जब दिल्ली से लेकर पंजाब तक हावी होती चली गई तो अपनी सरकारें गंवाने के बाद राहुल गांधी-प्रियंका गांधी ने कांग्रेस की गारंटी के नाम पर लोगों से धड़ाधड़ वायदे किए और खटाखट धन देने की गारंटी दी, लेकिन उनकी राज्य सरकारें उसे पूरी नहीं कर सकीं। इससे पार्टी की बढ़ती अलोकप्रियता और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में डैमेज कंट्रोल के लिए ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी पार्टी के नेताओं को जो कुछ समीचीन सुझाव दिए, अब उसे ही भाजपा ने चुनावी हथियार बना लिए। क्योंकि लोगों को चुनावी लॉलीपॉप गारंटी देने की विरोधी रही भाजपा ने भले ही आप और कांग्रेस के दबाव में अपनी सत्ता प्राप्ति के लिए मोदी की गारंटी शुरू की और विभिन्न कांग्रेसी व विपक्षी दल शासित राज्यों में शानदार वापसी की, लेकिन अब वह मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को लेकर जिस तरह से कांग्रेस पर हमलावर है, उसका फलसफा यही है कि अनुकूल मौका मिलते ही भाजपा मोदी की गारंटी वापस ले लेगी। बशर्ते कि पहले वह इसी के सहारे कांग्रेस व आप का सफाया कर ले।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक में आर्थिक संकट की खबरों के बीच नेताओं को वही वादे करने की नसीहत दी है, जिन्हें पूरा किया जा सके। उन्होंने साफ कहा कि उतनी ही गारंटी का वादा करें, जितना दे सकें, नहीं तो सरकार दिवालियापन की कगार पर पहुंच जाएगी। यही वजह है कि कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान पर अब सियासी घमासान मच गया है। केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अगुवाई कर रही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने खड़गे के बयान को ही आधार बनाकर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बाजाप्ता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने कई चीजों को स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो बोला है, वो राहुल गांधी को बताया है क्या? कई चुनाव से खट-खटाखट चल रही घोषणाओं का क्या होगा? जो बोला है, बजट में उसका प्रावधान है कि नहीं? उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि वहां कांग्रेस ने कई वादे किए थे कि ये कर देंगे, वो कर देंगे, पर अब वहां के सीएम कह रहे हैं कि वेतन बाद में ले लेना। वहीं, टॉयलेट पर टैक्स की चर्चा करते हुए कांग्रेस पर घोषणाएं करके जनता को मूर्ख बनाने और किसी योजना को अमल में नहीं लाने का आरोप लगाया।

भाजपा ने कहा कि कर्नाटक में पांच गारंटी की घोषणा की गई थी लेकिन हुआ क्या? हो क्या रहा है वहां? कर्नाटक में अब फ्री बस को रिव्यू करने की बात कही जा रही है! हालांकि भाजपा पर भी कांग्रेस आरोप लगाती आई है कि मोदी ने 2014 में 15 लाख रुपये खाते में आने के सपने दिखाए थे, जो लगभग 11 साल बाद भी नहीं आए। दो करोड़ नौकरियों का वायदा भी सिफर ही रहा। कोरोना के बाद उन्होंने युवाओं को पकौड़े बेचने लायक भी नहीं छोड़ा।जबकि भाजपा का दावा है कि अगर हमने 11 करोड़ किसानों को 6-6 हजार रुपये देने का वादा दिया था तो उसे पूरा किया हमने। बीजेपी जो कहती है, उसे जमीन पर उतारती भी है।भाजपा नेता कहते हैं कि हम जमीनी हालात देखकर वादे करते हैं और जो वादे करते हैं, उसे डिलीवर भी करते हैं। जबकि खड़गे साहब को जो ज्ञान आया है वह और जल्दी आना चाहिए था। आप राहुल गांधी को वो पाठ पढ़ाएं। भाजपा ने कहा कि झारखंड में जनता की आंखों में धूल झोंकने की बात कही जा रही है। जबकि कांग्रेस पार्टी ने अपने अध्यक्ष के माध्यम से पहली बार हकीकत स्वीकार किया है। लिहाजा मल्लिकार्जुन खड़गे को इस वक्तव्य के बाद देश से माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि कांग्रेस ने तेलंगाना और कर्नाटक की जनता की आंखों में धूल झोंका। कांग्रेस की सच्चाई सामने आई है। वहीं, भाजपा ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को भी निशाने पर लिया और कहा कि अरविंद केजरीवाल को समझना चाहिए कि दिल्ली की हालत क्या है? वहीं, रविशंकर प्रसाद ने वक्फ के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी और कर्नाटक के विजयपुरा का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि वक्फ के नाम पर किसानों की संपत्ति लूटी जा रही है। कुछ माफिया इसमें शामिल थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये मामला संसदीय कमेटी के सामने है। बात सिर्फ कांग्रेस, आप और भाजपा की नहीं है, बल्कि उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक एनडीए गठबंधन, इंडिया गठबंधन और अन्य क्षेत्रीय दलों के द्वारा चुनावी वायदाखिलाफी की जा रही है, जिसके खिलाफ सभ्य समाज को आगे आना चाहिए।ऐसे में सीधा सवाल यही है कि जब राजनीतिक दल खुद से अपने लिए नियम-कानून बनाएंगे और स्वयं को बचाते रहने के लिए विभिन्न कानूनी कमियां छोड़ते रहेंगे, तो फिर उनके खिलाफ कार्रवाई कैसे होगी? इस गम्भीर मुद्दे पर प्रशासनिक और न्यायिक गूंगेपन पर भी सवाल उठना लाजिमी है। लेकिन ऐसा कभी हुआ क्या, यक्ष प्रश्न है। भारत की प्रशासनिक व बाजारू अराजकता समकालीन जनहित के लिए चिंतन का विषय है और इसे दूर करने के लिए सिविल सोसाइटी को आगे आना चाहिए।ऐसा इसलिए कि किसी भी लोकतंत्र में सियासतदान/नेता तो महज 5-5 वर्षों के लिए आया राम, गया राम की तरह होते हैं, बामुश्किल किसी को 2 या 3 टर्म मिलता है। कुछ सौभाग्यशाली हैं जो 4-5 टर्म रहे। लेकिन प्रशासनिक और न्यायिक सुव्यवस्था चिरस्थायी बनाई जाती है ताकि जनहित सधता रहे! पक्ष व विपक्ष की राजनीति में कभी जनता नहीं पिसे। लेकिन आज देश में अनियंत्रित बाजारवाद हावी है और भ्रष्ट प्रशासन उसे नियंत्रित करने में विफल प्रतीत हो है। इससे जनता हर तरह से पिस रही है। सत्ता पक्ष व विपक्ष के लिए यह कोई मुद्दा ही नहीं है। धनपशुओं की मीडिया में इन मुद्दों पर गूंगी बन चुकी है।इस नजरिए से भारत की राजनीति अपवाद है। यहां के नियम-कानूनों में इतनी बड़ी-बड़ी कमियां हैं कि जनता बर्बाद हो जाती है, पर नेता-अधिकारी आबाद होते रहते हैं! वो न खेती करते, न किसानी, न सीमा की पहरेदारी करते, न कोई मेहनतकश व्यवसाय, फिर भी उनकी घोषित संपत्ति दिन दूना, रात चौगुनी बढ़ती। कोई चेक एन्ड बैलेंस नहीं! इस स्थिति को बदलने की संवेदनशीलता कई नेताओं ने दिखाई, लेकिन सत्ता मिलते ही हमाम में नंगे हो गए।

लोग महसूस करते हैं कि उनके कथित नौकर यानी देश की नौकरशाही और न्यायपालिका, उद्योगपतियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय कोष से %गुलछर्रे% उड़ाती रहती है और इस राह में कोई समझदार नेता या पत्रकार बाधक नहीं बने, इसलिए राजनीति व पत्रकारिता को मूर्खों, स्वार्थी व अराजक तत्वों और यहां तक कि अपराधियों का जमावड़ा बना दिया गया है। इन दोनों पेशों में धनपश% सब पर भारी पड़ते हैं। ऐसा इसलिए है कि राजनीतिज्ञों और पत्रकारों की योग्यता के कोई ठोस मानक निर्धारित नहीं किये गए हैं, ताकि कई गम्भीर बदलाव नहीं लाया जा सके।

वैसे तो मान्यता प्राप्त पत्रकारिता में कुछ नियमन हैं जिसकी अनदेखी होती आई है,

# फल खाना सही या जूस पीना दोनों में पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने और वेट लॉस के लिए क्या है बेस्ट, जानें एक्सपर्ट की राय



**कुछ लोग फल खाना पसंद करते हैं तो कुछ फलों से तैयार जूस पीते हैं. हालांकि, साबुत फल खाना जूस पीने की तुलना में कहीं ज्यादा हेल्दी होता है. साबुत फलों में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, इससे वजन कम होता है. पाचन शक्ति मजबूत होती है. कब्ज नहीं होता. ऐसे में ये जानना जरूरी है कि फल खाएं या जूस पिएं.**

लंबी उम्र तक स्वस्थ रहने के लिए हेल्दी डाइट लेना बहुत जरूरी है. जब आप स्वस्थ खाते-पीते हैं, सभी तरह के पोषक तत्व आपके खाने में मौजूद होती हैं तो काफी हद तक कई गंभीर बीमारियों की कम उम्र में ही चपेट में आने से बचे रह सकते हैं. अक्सर लोग नाश्ते में या दिन भर में कभी भी फल खाते हैं. कुछ लोग फलों से तैयार जूस पीते हैं. हालांकि, कई लोगों को ये समझ नहीं आता है कि फल खाना सेहत के लिए अधिक अच्छा है या फिर फलों से तैयार जूस पीना. वैसे तो अधिकतर डॉक्टर यही सलाह देते हैं कि जूस पीने से कहीं फायदेमंद है ताजे फलों का सेवन करना. चलिए जानते हैं कि फल खाना सही है या फिर जूस पीना.

फल खाना हेल्दी या जूस पीना? (Fruit or juice what is beneficial)

-क्या आप भी इस बात से हमेशा परेशान रहते हैं कि फल खाएं या इसका जूस बनाकर पी लें? आखिर सेहत के लिए फल खाना सही या फिर जूस पीना. दरअसल, न्यूट्रिशनिस्ट और वेलनेस एक्सपर्ट रिद्धि खन्ना कहती हैं कि फल और जूस का सेवन दोनों ही आपके लिए बेहद जरूरी है.

-फलों से फाइबर अधिक मिलता है, लेकिन यह हमें तभी मिलेगा, जब हम फलों का जूस पीने की बजाय साबूत फल खाएंगे. फलों में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को सही रखने के लिए बहुत जरूरी है. साथ ही फलों में कई तरह के विटामिंस, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट, फाइटोकेमिकल्स मौजूद होते हैं.रिद्धि खन्ना कहती हैं कि जूस पीने की तुलना में फल शरीर में शुगर के लेवल को सही बनाए रखने में मदद करते हैं. इसके साथ ही यह वजन कम करने में भी मदद करते हैं.

-जब आप फलों से जूस बनाकर पीते हैं तो मौजूद सभी पोषक तत?वों के अलावा फाइबर भी समाप्त हो जाता है. बेहतर है कि गट हेल्थ को सही बनाए रखने और कब्ज आदि से बचाव के लिए साबुत फल खाएं.

-पैक्ड जूस की बात करें तो आजकर युवा काफी बाजार में मिलने वाले पैक्ड जूस का सेवन करते हैं. इसमें शुगर की मात्रा काफी अधिक होती है. इसके रेगुलर सेवन से सेहत को नुकसान हो सकता है. इसमें मौजूद कैलोरी की अधिक मात्रा वजन बढ़ा सकती है. मौजूद प्रिजर्वेटिव्स सेहत की लिए हानिकारक होते हैं.

-यदि आपको डिहाइड्रेशन जैसा महसूस हो तो फल और जूस दोनों ही ले सकते हैं. लेकिन, पैक्ड जूस लेने की बजाय फ्रेश फल से तैयार जूस ही पिएं. ये दोनों ही डिहाइड्रेशन होने पर शरीर में जाकर अपने-अपने तरीके से काम करते हैं. फाइबर की मात्रा की बात करें, तो यह जूस से गायब रहती है, लेकिन जूस डिहाइड्रेशन में काफी हद तक मदद कर सकता है.

-जो लोग अपना वजन कम कर रहे हैं तो बेहतर है कि जूस पीने की बजाय फलों का ही सेवन करें. पैक्ड जूस से दूर रहें. साबुत फल खाने से फाइबर अधिक मिलता है. फाइबर युक्त चीजों का सेवन कब्ज, गैस, बदहजमी आदि दूर करता है.

संपादकीय

## जिम्मेदारी का करें अहसास

पहले से ही उम्मीद थी कि दीपावली के बाद प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होगी, वैसा हुआ भी। पहले से ही दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का संकट बढ़ा हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बार-बार हमारा ध्यान खींचती रहीं। पिछले दिनों खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के हैं। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिये जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, इस मौसम में हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि सिर्फ सरकारी प्रयासों से ही प्रदूषण की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यह स्थिति तभी बदलेगी जब लोगों की तरफ से भी ईमानदार पहल होगी।

अब चाहे बात राष्ट्रीय सरोकारों की हो, पानी संकट की हो या फिर प्रदूषण की हो। जब नागरिकों को अहसास होगा कि बिना पटाखे छुड़ाए भी खुशी मनायी जा सकती है तो हम समाज के लोगों, जीव-जंतुओं व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकेंगे। बात तब बनेगी जब हम बच्चों के पाठ्यक्रम में यह बात शामिल करेंगे कि उनके भविष्य के लिये पर्यावरण, पानी व हवा की रक्षा कितनी जरूरी है। बच्चों को अहसास कराएं कि जिस तरह से बड़े लोग पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, उससे उनके भविष्य के लिये पानी का संकट गहरा हो जाएगा। इसके लिये टीवी, प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाये जा सकते हैं। इस अभियान में सूचना माध्यमों की भी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

दरअसल, ग्रीन ट्रिब्यूनल या अन्य प्रदूषण नियंत्रक संस्थाएं अकसर राज्यों के सचिवों व अधिकारियों को दंडित करने की बात करती हैं, लेकिन इससे समस्या का समाधान संभव नहीं है। दरअसल, जब तक नागरिकों व किसानों को जागरूक -जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक स्थिति में बदलाव संभव नहीं है। हम भूल जाते हैं कि इस संकट को बढ़ाने में राजनीति की बड़ी भूमिका है। किसानों के मुद्दों को जोरशोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राजनेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। दरअसल, बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले राजनेता तब कहां चले जाते हैं जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? सही मायनों में जहां पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं, वहां क्षेत्र के विधायकों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए कि वे क्षेत्र के किसानों को जागरूक क्यों नहीं कर पाते। क्यों वे पराली के निस्तारण के वैकल्पिक संसाधन उपलब्ध कराने में किसानों का सहयोग नहीं करते? विडंबना यही है कि वे वोट की राजनीति के प्रलोभन में पराली जलाने के खिलाफ आवाज उठाने में चुप्पी साध लेते हैं। उनके खिलाफ भी तो लापरवाही के मामले दर्ज होने चाहिए। वहीं यह भी हकीकत है कि प्रदूषण संकट के मूल में सिर्फ पराली समस्या ही नहीं है। हमारी उपभोक्ता संस्कृति, वाहनों का अंबार, सार्वजनिक यातायात सुविधा का पर्याप्त न होना, अनियोजित निर्माण कार्य, जीवाश्म ईंधन का प्रयोग तथा कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना भी प्रदूषण संकट के मूल में है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने, शैक्षिक पाठ्यक्रम में प्रदूषण-पर्यावरण के मुद्दे शामिल करने तथा तंत्र की जवाबदेही तय करना प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि हम ऐसा करें तो साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण संकट पर किसी तरह लगाम लगाने में हम कामयाब हो सकते हैं। साथ ही हर साल वायु प्रदूषण से होने वाली लाखों मौतों को हम रोक पाने में कामयाब हो सकते हैं। शासन को भी आग लगने पर कुआं खोदने की मानसिकता से बचना होगा .

# किसानी और पशुपालन से भी जुड़ी है दीपावली

**दीपावली का त्योहार खेती-किसानी और पशुपालन से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर हल-बक्खर जैसे कृषि के औजारों और अन्न देने वाली धरती माता की पूजा होती है**



आज बाजार के रासायनिक, जहरीले किन्तु आकर्षक रंग ने ले ली है। पशु वह रंग चाटते हैं। इसी प्रकार, आज की रंगोली कल झाड़ू साफ कर दूसरी बनाई जाती है। रोज-रोज यही होता है, खासकर दशहरा-दीवाली के दौरान घर-घर यही चित्र दिखता है। यह रंगोली अगले दिन कचरे में जाती है। उसके जहरीले रंग मिट्टी, पानी में पहुंचकर प्रदूषण फैलाते हैं। यह हम रोक सकते हैं। इसके साथ ही, कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल खाद्य पदार्थ में होता है।दीपावली का त्योहार खेती-किसानी और पशुपालन से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर हल-बक्खर जैसे कृषि के औजारों और अन्न देने वाली धरती माता की पूजा होती है। गाय, बैल आदि सभी जानवरों को सजाया जाता है। उनकी भी पूजा की जाती है। यह वह समय होता है जब किसान के घर में खरीफ की फसल आ जाती है। छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश में धान की फसल इसी समय आती है। आज इस कॉलम में दीपावली की इसी परंपरा पर दृष्टि डालना उचित होगा, जिससे इन त्योहारों में जो सादगीपूर्ण सरल जीवन पद्धति का संदेश था, उसे याद करें, जिससे हमारा जीवन खुशहाल, समृद्ध व शांतिपूर्ण हो सके।ग्रामीण भारत में दीपावली को बहुत ही उत्साह व धूमधाम से मनाने की परंपरा रही है। गांवों में आमतौर पर मिट्टी के कच्चे घर हुआ करते थे, अब भी हैं, उनकी मरम्मत की जाती है। घर-आंगन का रंग-रोगन किया जाता है। गाय-बैलों को नहलाया धुलाया जाता है। उनको सजा-संवारा जाता है।दिवाली पर लक्ष्मी पूजन होता है। धन-धान्य की समृद्धि की कामना की जाती है। छत्तीसगढ़ में धान की सुंदर झालर बनाई जाती है, और उसकी पूजा भी होती है। खेती से जुड़ाव का एक उदाहरण यह है कि पहले लक्ष्मी की तस्वीर भी सूपा में अनाज बरसाते हुए होते थी, अब यह तस्वीर गायब हो गई है। इसी प्रकार, गो-धन की पूजा भी होती थी। इसमें तरह-तरह के घास, औषधीय पौधे, फसलों की बालियां की भी पूजा की जाती थी। गोधन को ही पशुधन कहा जाता था, जिसका खेती में अटूट योगदान था।पहले स्कूलों में दिवाली की लंबी छुट्टी (24 दिन की) हुआ करती थी, जिसे फसली छुट्टी भी कहते थे। इस दौरान बच्चे उनके मां-बाप के साथ खेतों के काम में मदद करते थे। खेती के तौर-तरीकों सीखते थे, आसपास के परिवेश व पर्यावरण से परिचित होते थे। जमीनी हकीकत से जुड़ते थे। रिश्तेदारों के घर जाते थे। इससे हाथ के काम, कुशलता सीखते थे, समाज में घुलना-मिलना व आपस में एक दूसरे से सीखना भी होता था, अब यह छुट्टी कम हो गई है। वैसी भी हमारी शिक्षा में श्रम के मूल्य को स्थान नहीं दिया गया है।लेकिन आज खेती-किसानी और पशुपालन पीछे छूटते जा रहे हैं। बाजार की दिवाली प्रमुख हो गई है। यानी एक दिवाली भागती हुई सभ्यता की प्रतीक बन गई है तो दूसरी दिवाली कृषि सभ्यता में ठहर गई है। एक दिवाली में गगनचुंबी इमारतों होने वाली दिवाली की पार्टियों का शोर है, बल्बों की रोशनी है, तो दूसरी दिवाली अब गांवों में उजड़ती दिख रही है, वहां सन्नाटा पसरा रहता है। खेती और गांव उजड़ती हुई सभ्यता के प्रतीक बन रहे हैं।आज खेती और किसानों की कई समस्याएं हैं। कुछ जलवायु बदलाव से जुड़ी हैं तो कुछ बाजार से। यानी कुछ मानवनिर्मित है, तो कुछ प्रकृतिजन्य। कुछ लोग इसे प्रकृति की देन बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं।

हम आज ऐसे आधुनिक समय में जी रहे हैं, जहां सब कुछ देखकर भी अनदेखा कर देते हैं। किसान और किसान की पीड़ा हमारी आंखों से ओझल हो रहे हैं। कुछ लोगों द्वारा तर्क दिया जाता है कि अगर खेती घाटे का धंधा है तो छोड़ क्यों नहीं देते? गांव में रोजगार नहीं है तो शहरों में क्यों नहीं आते?खेती के पक्ष में दो-तीन बातें महत्वपूर्ण हैं। एक, मनुष्य का पेट अनाज से ही भर सकता है, किसी और चीज से नहीं और अनाज खेत में पैदा होता है। अनाज को किसी फैक्ट्री में पैदा नहीं किया जा सकता है। दूसरा, खेती में वास्तव में उत्पादन होता है, एक दाना बोओ, पच्चीस दाने पाओ। ऐसा किसी और माध्यम से संभव नहीं है। उद्योगों में कच्चा माल डालने से उसमें रूप परिवर्तन होता है। इसलिए खेती का महत्व हमेशा बना रहने वाला है। फिर किसान जो बड़ी तादाद में हैं, खेती को छोड़कर करेगा क्या?इसी तरह, किसानों का सबसे पुराना दोस्त बैल भी अब खेती में पीछे हो गया है। कुछ समय पहले तक पशुओं के मनुष्य के व्यवहार की मिसालें दी जाती थी, वह पशुपालन भी कम हो गया है। पूरी किसानी संकर बीजों, रासायनिक खाद व कीटनाशकों के भरोसे हो रही है। जिससे खेती की लागत तो बढ़ ही रही है, साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी कम हो रही है। खेती के लि मित्र कीट भी खत्म हो रहे हैं। पक्षी भी कम दिखाई देते हैं।जबकि पशुओं के गोबर खाद से जमीन उर्वर होती थी। दूध-घी भी मिलता था। और इसमें अलग से कोई खर्च भी नहीं होता था। फसलों के डंठल पशुओं के चरने के काम आते थे। इस तरह एक चक्र बना हुआ था। यानी खेती मनुष्य, पशु, पक्षी सभी जीव- जगत के पालन का विचार शामिल था।एक और समस्या दीपावली से जुड़ गई है, और वह कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल से जुड़ी है। पहले गाय-बैलों को गेरू (लाल-पीली मिट्टी ) से रंगा जाता था, इसकी जगह अब ऑइल पैंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। गेरू मिट्टी का आज भी महत्व है। गेरू जंतुनाशक मानी जाती है। बारिश में पशु के जख्मों के उपचार में काम आता है। बैलों के सींग पहले उसी से रंगते थे। किन्तु आज आकर्षक ऑईल पेंट का इस्तेमाल होता है, जो महीनों तक बैलों के सींगों में चिपका रहता है। इससे पशु को तकलीफ होती होगी। सींग के छेद ऑईल पेंट के कारण बंद होते हैं। पशु के पूरे शरीर पर गेरू से निशान भी लगाते थे।आज बाजार के रासायनिक, जहरीले किन्तु आकर्षक रंग ने ले ली है। पशु वह रंग चाटते हैं। इसी प्रकार, आज की रंगोली कल झाड़ू साफ कर दूसरी बनाई जाती है। रोज-रोज यही होता है, खासकर दशहरा-दीवाली के दौरान घर-घर यही चित्र दिखता है। यह रंगोली अगले दिन कचरे में जाती है। उसके जहरीले रंग मिट्टी, पानी में पहुंचकर प्रदूषण फैलाते हैं। यह हम रोक सकते हैं। इसके साथ ही, कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल खाद्य पदार्थ में होता है।इन सबसे बचा जा सकता है। कृत्रिम रंगों के विकल्प जरूर हैं। वनस्पतिजन्य, पर्यावरणस्नेही रंग हम पहले इस्तेमाल करते ही थे। आधुनिक जीवनशैली की चमक तथा विविधता ने हम मोहग्रस्त हुए। दुष्प्रभाव, प्रदूषण हम भूल गए। रंगोली भी कई तरह की हरी पत्तियों व फूलों से बनाई जा सकती है। कुछ जगह यह बनाई भी जाती है।कुछ समय पहले मैं महाराष्ट्र गया था। वहां के गांधीवादी कार्यकर्ता बसंत फुटाणे कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल की जगह प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करते हैं। वे उनके पशुओं को गेरू मिट्टी से रंगते हैं। और उनके घर में रंगोली भी पत्तियों व फूलों से बनाई जाती है। इस तरह प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल मैंने तमिलनाडु में भी देखा था।कुल मिलाकर, भारत का भविष्य खेती और उससे जुड़े लघु कुटीरों में है। कुम्हार जो दिवाली पर दीये बनाते हैं, उनके जैसे समुदायों के रोजगार बढ़ाने और बचाने की जरूरत है। गांवों को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने में मदद करते हैं। इसी तरह कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल से भी बचा जा सकता है। उनके स्थान पर प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जा सकता है।हमारी देश की जलवायु, मिट्टी-पानी, हवा, जैव विविधता और पर्यावरण खेती के लिए अनुकूल है। अगर हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे तो हमारे किसानों की दिवाली भी अच्छी होगी, और हमारी भाईचारा बढ़ाने वाली व प्रकृति के साथ समन्वय करनेवाली कृषि और उसकी संस्कृति भी बचेगी।

# पुलिस ने दबोचे तीन शातिर चोर, आठ चोरियों का हुआ खुलासा

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** खीरी, कोरांव थाना व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम ने चोरी के आठ चोरियों का खुलासा किया है।इसमें खीरी से तीन, कोरांव से चार, व कौंधियारा से एक मामला शामिल है। तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पीली धातु का लाकेट, चार सफेद धातु की पायल, भिन्न भिन्न मुकदमों के नगद दो लाख पांच सौ रुपए भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में अल्तमस उर्फ कामिल पुत्र साहिल आलम उर्फ बबलू निवासी ग्राम चन्द्रभान सिंह का पूरा थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज, अविनाश कुमार उर्फ पुप्पू पुत्र गजराज निवासी ग्राम हथिगन थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज और आसिफ पुत्र साजिद अली निवासी ग्राम चन्द्रभान सिंह का पूरा थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज शामिल हैं।

सोमवार को बड़ोखरा से अरुवारी जाने वाली नहर पर अरुवारी पुलिया के पहले नहर के किनारे से इनको गिरफ्तार किया गया। जांच के बाद इनके मुकदमों में बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस ने दावा किया कि आसपास के तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों में पिछले महीने हुए चोरी के आठ केस का खुलासा हुआ है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**
थानाध्यक्ष खीरी अशीष सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोरांव नितेंद्र कुमार शुक्ल,एसओजी प्रभारी नवीन सिंह

## शातिर चोरों का कारनामा : दिन में रेकी और रात में चोरी

पुलिस की मानें तो गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के पेशेवर चोर हैं। दिन में घरों की रेकी करते और रात में मौका पाकर घर की छत या जिस घर में ताला बन्द होता, उस घर का ताला तोड़कर पैसे, गहने व कीमती सामान चुरा लेते। यहां तक कि जिस घर में आदमी होते, दरवाजे को बाहर से बन्द कर देते ताकि कोई जग जाये तो उन्हे भागने का अवसर मिल सके। घर में घुसने के बाद ही ठोस वस्तु लाठी, डंडा, चापर, सरिया, गइता आदि अपने साथ रखते। जग जाने या पकड़े जाने पर हमला कर-के बच सकें।

थाना खीरी और कोरांव पुलिस ने चोरी की आठ घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार दो लाख रुपए नगदी जेवरात बरामद किया
**विवेक चंद यादव**
**डीसीपी यमुनानगर**

# भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व भैय्यादूज मनाया गया हर्षोल्लास पूर्वक

**सबसे तेज प्रयागराज**
**मुरादाबाद।** भाई-बहन के अटूट स्नेहिल रिश्ते का प्रतीक भैय्यादूज पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । नगर क्षेत्र मुरादाबाद, ठाकुरद्वारा एवं कांठ सहित ग्रामीण क्षेत्र डिलारी, बहेड़ी ब्रह्मनान, हिमाँयुपुर, धारकनंगला, जहाँगीरपुर आदि में प्रातःकाल से ही बहनें अपने भाई के घर आना प्रारम्भ हो गई ।बसों में काफी भीड़ देखी गई ।

सड़क मार्ग पर नीजि दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की चहल-पहल रही है । मिष्ठान की दूकानों पर अच्छी खासी भीड़-भाड रही । चौराहों पर यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा है । इस शुभ दिवस पर बहनें



अपने भाई की दीघार्यु एवं सुख समृद्धि की मंगल कामना करती हैं । पौराणिक कथाओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि पर यमराज अपनी बहन यमुना के आमंत्रण पर उसके घर आये थे । वहाँ उनकी बहन यमुना ने सम्मान और स्नेह पूर्वक अपने भाई का आदर सत्कार किया । जिससे प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि जो भाई-बहन इस दिन यमुना में स्नान करके यम पूजा करेगा, उसे सुख समृद्धि को के साथ दीर्घकालिक स्वस्थ एवं सुखी जीवन प्राप्त होगा तथा उसे यमलोक जाने का भय नहीं रहेगा । बहनें अपने भाई को चौकी पर ससम्मान बैठाकर नारियल, मिष्ठान, पान,सुपारी, बताशे, पुष्प और काले चने भेंट कर शुभ मुहूर्त में रोली कुमकुम एवं अक्षत का तिलक लगाकर मंगल कामना करती हैं । इस अवसर पर भाई भी अपनी सामर्थ्य अनुसार बहनों को वस्त्राभूषण आदि उपहार भेंट कर उसकी रक्षा का वचन देते हैं ।

## उतरांव: 24 घंटे तक लाश रख बैठे रहे परिजन डीएम के आश्वासन पर माने

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** उतरांव क्षेत्र के आरा कला कजरीगढ़ गांव में दिवाली के दिन हुए विवाद में मृत चाचा-भतीजे के शव रखकर परिजन 24 घंटे तक बैठे रहे। उनका कहना था कि मुआवजे समेत अन्य मांगें जब तक पूरी नहीं होतीं, वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। शाम छह बजे के करीब डीएम पहुंचे और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर परिजन माने। दिवाली के दिन दीवार पर दीपक जलाकर रखने को लेकर हुए विवाद में एक परिवार पर जानलेवा हमला किया गया था। इसमें घायल पवन कुमार दुबे (32) की रविवार सुबह जबकि उनके चाचा जीतेंद्र की रात में मौत हो गई थी। पवन का शव पोस्टमार्टम के बाद शाम को ही घर पहुंच गया था लेकिन परिजनों ने अंतिम संस्कार से इन्कार कर दिया।
उधर, सोमवार को दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद जीतेंद्र का शव भी घर लाया गया। पुलिस ने अंतिम संस्कार की बात कही तो परिजनों ने विरोध कर दिया। उनका कहना था कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वह शव नहीं उठने देंगे।

**पीड़ित परिजन डीएम को सौंपा 11 सूत्रीय मांग**
परिजनों की मांग है कि उन्हें मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा शस्त्र लाइसेंस, नौकरी, सड़क निर्माण, आरोपियों के घर पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के साथ शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। इससे पहले पीड़ित परिवार के घर लोगों की भीड़ जुटी रही। मृतक जितेंद्र चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। उनके दो बेटे हैं। पत्नी मनीषा देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर एसडीएम इंडिया अविनाश सिंह यादव व एडीएम फाइनेंस विनय कुमार, एसीपी फूलपुर, एसीपी हंडिया समेत कई थाने की फोर्स व पीएससी मौजूद रही।
घंटों मान-मनौव्वल के बाद भी बात नहीं बनी तो डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत कर उन्हें समझाया लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद मान-मनौव्वल चलती रही लेकिन बात नहीं बनी।
शाम पांच बजे के करीब डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ पहुंचे और उन्होंने परिजनों से बातचीत की। कहा कि वह मुआवजे समेत उनको अन्य मांगों के संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजेंगे, जिसके बाद परिजन माने और फिर शव अंतिम संस्कार के लिए ले जाए गए।

**मुख्यमंत्री ने दी आर्थिक सहायता**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज की घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों को पांच पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता के साथ हरसंभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया है। याद दिला दें कि दिपावाली पर दीया जलाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। आरोप है कि स्थानीय दबंग ध्रुव यादव और विकास यादव ने पवन दुबे व उनके चाचा जितेंद्र को बुरी तरह पीटा था, जिससे इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में ध्रुव यादव, विकास यादव समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरे मोटरसाइकिल सवार, मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के राजपुर गांव के सामने नेशनल हाईवे सड़क पर दुर्जनीपुर मोड़ के पास रविवार रात तेज रफ्तार दो बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है।
जानकारी के मुताबिक, ग्राम धरी, थाना लालगंज, मिजार्पुर निवासी शिवम (27) रिश्तेदार रवि शंकर के साथ बिरोही मिजार्पुर बर्थडे पार्टी में लौट रहा था। दुर्जनीपुर मोड के
रविवार रात दुर्जनीपुर मोड़ के पास हादसा, एक गंभीर
पास बाइक अनियंत्रित होने से दोनों गिर गए। सूचना पर कोरांव पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया, यहां शिवम को मृत घोषित कर दिया गया। शिवम इकलौता बेटा था। वहीं, जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि भतीजे रवि शंकर का दोनों पैर बुरी तरह से टूट गया है। उसका इलाज कोरांव के निजी अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी नितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बाइकों की टक्कर में एक की मौके पर मौत, मुकदमा दर्ज

**सोरांव।** सोरांव थाना के बड़गांव चौकी क्षेत्र के सधनगंज के पास रविवार देर रात दो बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में मदरा खगिया थाना मऊआइमा निवासी बाइक सवार नीरज कुमार मिश्रा (29) की मौत हो गई। मृतक के चाचा शिवपूजन ने सोरांव थाने पर तहरीर देकर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया है। पुलिस क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है।
नीरज किसी काम से मामा के घर समई, तहसील-फूलपुर गए थे। रविवार को लौटते वक्त सधनगंज चौराहे के पास विपरीत दिशा में जा रही एक दोपहिया ने टक्कर मार दी।
सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएससी सोरांव भेज दिए, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नीरज तीन भाइयों और बहनों में सबसे बड़ा था।

## रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध अवस्था में मिला सेल्स मैनेजर का शव, हत्या की आशंका

**सबसे तेज प्रयागराज**
**गाजियाबाद।** मसूरी में रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार रात एक युवक का शव पड़ा मिला। शव की शिनाख्त नोएडा सेक्टर 63 के 25 फुटा रोड निवासी विशाल तिवारी (28) के रूप में हुई। विशाल दिल्ली की एक फाइनेंस कंपनी में सेल्स मैनेजर थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

# आईटी एक्ट के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार






**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस प्र०नि० जयचन्द्र शर्मा व थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा 67 आईटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त फारुख उर्फ मिंया पुत्र बब्बून नि० जड़ियन टोला थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को फसैया तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया।

## पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उ०नि० राम अवध बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विकास कुमार पुत्र रमेश कुमार सोनकर नि० ग्राम पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को घोसरा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

## अखिल भारतीय चित्रगुप्त कायस्थ महासभा द्वारा चित्रगुप्त जयंती धूमधाम से संपन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**
**गाजियाबाद।** रविवार को भगवान श्री चित्रगुप्त जी की जयंती कलम दवात की पूजा अर्चना अखिल भारतीय चित्रगुप्त कायस्थ महासभा रजिस्टर्ड चित्रगुप्त मन्दिर कन्हैया कुंज छपरौला गौतमबुद्ध नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चों को कलम, कापी, पेंसिल देकर सम्मानित किया गया और बुजुर्गों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। संस्था के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव , महिला विंग अध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास्तव ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी की आरती कर प्रसाद वितरण कर सम्पन्न कराई। इस अवसर पर संस्था के सभी मुख्य पदाधिकारियो में मनोज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट उपाध्यक्ष , सचिव विनय कुमार कुलश्रेष्ठ, कोषाध्यक्ष रीतेश कुमार श्रीवास्तव, संगठन मंत्री गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव, प्रचार मंत्री संजय लाल श्रीवास्तव, महिला विंग की सचिव रीना कुलश्रेष्ठ, अंकित कुमार श्रीवास्तव, अविनाश कुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव (डी के डायग्नोस्टिक सेंटर राकेश मार्ग) विश्वजीत कुमार शर्मा परिवार, चौधरी जयबीर सिंह परिवार , मोहन लाल परिवार, मंजू सिंह,मोंटी, आदि उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमले का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा जानलेवा हमले में वांछित अभियुक्त संदीप शुक्ला ऊर्फ बब्बन शुक्ला पुत्र पुच्चू शुक्ला उर्फ राधेश्याम शुक्ला निवासी सलोरी थाना कर्नलगंज जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर को शुक्ला मार्केट चाँदपुर सलोरी थानाक्षेत्र कर्नलगंज से गिरफ्तार किया गया।
**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**
उ0नि0 जयराम सरोज,उ0नि0 अनुराग तिवारी थाना कर्नलगंज कमिश्नरेट प्रयागराज






## धूमनगंज पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त मो0 वसीम पुत्र स्व0 सफी उल्ला निवासी ई.डब्लू.एस. 558 कसारी मसारी रोड चकिया राजरुपपुर थाना धूमनगंज प्रयागराज को सोमवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त के निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया ।

# भगवान श्रीचित्रगुप्त की पूजा करने से विद्या बुद्धि आर्थिक उन्नति ऐश्वर्य और वंश की निरंतर वृद्धि : श्रीवास्तव

**सबसे तेज प्रयागराज**
**वाराणसी।** जगत के अच्छे बुरे कर्मों का हिसाब रखने वाले भगवान श्रीचित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा वाराणसी के तत्वावधान में निकल गया।लेखनींधारी भगवान श्रीचित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ दीप्तिमान रथ पर सवार होकर जगतगंज स्थित डा० सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्ववि?द्यालय से निकल कर रामकटोरा लहुराबीर मलदहिया होकर महात्मा गांधी काशी वि?द्यापीठ चौराहा से सरदार पटेल धर्मशाला होते हुए पुनः डा० सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय पर पहुंच कर समापन हुआ शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र पांच रथ पर भगवान श्रीचित्रगुप्त ब्रह्म-ाजी शंकर पार्वती राधाकृष्ण एवं श्रीचित्रगुप्त के परिवार का सजीव झांकी के साथ कायस्थ महापुरुषों की भी झांकी भी शोभायात्रा में शोभायमान रही। कार्यक्रम के शुभारंभ में कायस्थ समाज के उपस्थित सर्वजनों ने पुष्पसज्जित दीप्तिमान रथ पर सवार 15 डमरु एवं शंख वादन के साथ भगवान श्रीचित्रगुप्त जी की आरती एवं पूजा अर्चना करनें के बाद भव्य शोभा यात्रा आगे की तरफ प्रस्थान किया, कायस्थ समाज की तरफ से





भगवान श्री चित्रगुप्त के भव्य शोभायात्रा में बैंड बाजे ढोल के साथ सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे शामिल थे। शोभायात्रा के दौरान छतों से रास्ते भर गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्पवर्षा होती रही। लोग झंडा लेकर भी भजन पर झूमते हुए शोभायात्रा का अमृत आनंद ले रहे थे।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के शोभायात्रा में चल रहे भगवान के विग्रह के रथ से प्रसाद वितरण किया जा रहा था प्रसाद प्राप्त करने वाले श्रद्धा भाव से प्रसाद ले रहे थे
प्रसाद के साथ सिक्कों का खजाना भी वितरित किया जा रहा था। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक महेश चन्द श्रीवास्तव ने बताया कि मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीचित्रगुप्त जी की पूजा करने से विद्या बु?द्धि आर्थिक उन्नति ऐश्वर्य और वंश की निरंतर वृ?द्धि होती है तथा उत्तम लोक की प्राप्ति होती है और धर्म एवं न्याय की रक्षा होती है।

शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल वाराणसी कैंट से विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त सभी का मंगल करें भगवान की कृपा पूरे देश पर बनी रहे हमारा राष्ट्र सुख शांति समृद्धि की तरफ नित्य निरंतर बढ़ता रहे और राष्ट्र का कल्याण हो इसी कामना से हम सब अपने आराध्य की शोभायात्रा में शामिल होकर उनसे प्रार्थना करके देश की सीमा पर तैनात सीमा प्रहरियों की रक्षा सुरक्षा का आशीर्वाद मांग रहे हैं।राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष डा० मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम वाराणसी की शोभा को और बढ़ाते है एवं समाज में भाईचारा व एकता का संदेश देते है एवं इस कार्यक्रम में सभी जाति व वर्ग के लोग शामिल होते है अंत में डा० सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रमुख द्वार पर डा० सम्पूणार्नंद जी की स्थापित प्रतिमा के पास कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वालों का सम्मान किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व पुरी अखिल भारतीय महात्सभा की टीम कर रही थी तथा संचालन मनोज श्रीवास्तव सेन्ट मरयिम कर रहे थे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्व मनोज श्रीवास्तव सेन्ट मरियम स्कूल,अनिल श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव मुन्ना आशीष श्रीवास्तव, रजनीकान्त श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, हिमांसु श्रीवास्तव, रितेश श्रीवास्तव, श्रृतुराज श्रीवास्तव,अजय श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, निन्दीया श्रीवास्तव, माधवी श्रीवास्तव, काजल श्रीवास्तव.डा० जया श्रीवास्तव व विभिन्न राजनैतिक दलो के नेतागण व मंत्री भी उपस्थित रहे अन्त में जिला अध्यक्ष, श्री अनुप श्रीवास्तव एडवोकेट ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद आभार प्रगट किया।

## सीएम योगी आदित्यनाथ को मिली जान से मारने की धमकी




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से जान से मारने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल नंबर पर यह संदेश आया है। जिसमें लिखा है, अगर योगी आदित?यनाथ ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया, तो हम उन्हें बाबा सिद्दीकी की तरह मार डालेंगे।
बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात ने मुंबई पुलिस कंट्रोल को मैसेज कर सीएम योगी को जान से मारने की धमकी दी। मुंबई पुलिस ने इस धमकी की जानकारी यूपी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले पर तत्परता दिखाते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है।
पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए कई ऐंगल पर एक साथ जांच कर रही है। साथ ही जरूरत पड़ने पर मुंबई पुलिस से भी सहायता ली जाएगी।
पहली बार नहीं है जब सीएम योगी को धमकी दी गई है। पिछले साल दिसंबर में और फिर मार्च 2024 में भी जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसी साल मार्च में लखनऊ के महानगर स्थित नियंत्रण कक्ष में फोन कर सीएम योगी आदित्यनाथ को धमकी दी गई थी। पुलिस ने बताया था कि रात करीब 10 बजे एक नंबर से कॉल आई थी। कथित तौर पर एक युवक ने फोन कर सीएम योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की बात कही थी।
वहीं दिसंबर 2023 में सीएम योगी, श्रीराम मंदिर और यूपी एसटीएफ चीफ को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। बताया गया था कि एक मेल कर योगी आदित?यनाथ, तत?कालीन एसटीएफ चीफ को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस मामले के आरोपी जुबैर खान को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया था।
बता दें कि इससे पहले मुंबई में महाराष्ट्र सरकार में सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को बांद्रा पूर्व में निर्मल नगर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके कार्यालय के बाहर कम से कम दो-तीन लोगों ने घात लगाकर उन पर हमला किया था। जैसे ही वह कार्यालय पर पहुंचे हमलावर दौड़ते हुए आए और व्यवसायी-सह-राजनेता सिद्दीकी पर अंधाधुंध कई राउंड गोलियां चलाईं थीं। उन्हें दो-तीन गोलियां लगीं, जिनमें से एक सीने में लगी थी। हमलावर गोली मारकर मौके से फरार हो गए थे।

## बलिया महोत्सव 2024: सपा सांसद सनातन पांडेय ने प्रशासन पर उठाए सवाल



**बलिया।** बलिया में आयोजित पांच दिवसीय बलिया महोत्सव 2024 में प्रशासन ने सपा सांसद सनातन पांडेय को किसी भी कार्यक्रम के लिए आमंत्रित नहीं किया, जिससे सांसद नाराज हो गए। उन्होंने मीडिया के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस में अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह महोत्सव किसी एक व्यक्ति का नहीं है, बल्कि यह पूरे जनपद का है।
सनातन पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा, "मैं इस जनपद का सांसद हूं और लाखों लोगों ने मुझे वोट देकर इस पद पर बैठाया है।" उन्होंने आयोजन में शामिल न होने को न केवल अपने अपमान के रूप में देखा, बल्कि इसे बलिया की जनता का भी अपमान मानते हुए जिला प्रशासन और कार्यक्रम के आयोजक परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पर तीखी आलोचना की।
सांसद ने कहा कि यह आयोजन लोकतंत्र के मूल्यों के खिलाफ है और उन्होंने आयोजकों से उचित सम्मान देने की मांग की। उनके बयान ने महोत्सव के आयोजनों और प्रशासनिक कार्यों पर सवाल उठाते हुए राजनीतिक गर्मी को और बढ़ा दिया है

## अमेठी में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला बैठक संपन्न



**अमेठी।** अमेठी में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा की जिला बैठक जिला सूचना कार्यालय गौरीगंज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष जितेन्द्र पाण्डेय ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसके बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की शपथ ग्रहण की। जितेन्द्र पाण्डेय ने सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में ग्रामीण पत्रकारों के प्रति हो रहे शोषण पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे संगठन अपने पत्रकार भाइयों के साथ खड़ा है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा राम आर्य ने निष्पक्ष पत्रकारिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पत्रकारिता में संघर्ष के साथ काम करना आवश्यक है। इस बैठक में जिला कार्यकारिणी के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे, जिनमें विक्रम सिंह, डॉ. एस बी पाल, दिव्यांश मिश्र, अशोक पाण्डेय, उज्ज्वल शुक्ला, अजय मिश्र, राकेश शुक्ला, कुलदीप सिंह, मीनाक्षी मिश्रा, चंद्र प्रकाश मौर्य, महेश मिश्र, राम मूरत यादव और अन्य शामिल थे।



## मां सुपरस्टार, पापा फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर...कौन हैं

# राशा थडानी

## जो अजय देवगन के भांजे के साथ करने जा रहीं डेब्यू?

जान्हवी कपूर, अनन्या पांडे, वरुण धवन और आलिया भट्ट जैसे कई स्टार किड्स ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई है. अब इन स्टार किड्स की तरह शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर, अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने भी अपना फिल्मी सफर शुरू कर दिया है. इन सभी युवाओं में एक और स्टार किड का नाम जुड़ गया है और वो हैं राशा थडानी. हाल ही में बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन और 'भूल भुलैया 3', 'पुष्पा2' जैसी फिल्मों के डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी की बेटी राशा थडानी की फिल्म 'आजाद' का पोस्टर लॉन्च हुआ है. ये पोस्टर अजय देवगन ने लॉन्च किया है. जनवरी 2025 में रिलीज होने वाली इस फिल्म में राशा अहम किरदार में नजर आएंगी.राशा सिर्फ 19 साल की हैं. डेब्यू से पहले ही वो लगभग 12 लाख लोगों से इंस्टाग्राम पर जुड़ी हुई हैं. राशा का पूरा नाम राशाविशाखा है. ये रवीना टंडन की पहली बायोलॉजिकल बेटी हैं. राशा की दो बड़ी बहनें भी हैं, जिन्हें रवीना टंडन ने गोद लिया था. जब से होश संभाला है, तब से राशा को एक्ट्रेस ही बनना था. यही वजह है कि स्कूल खत्म होते ही उन्होंने अपने डेब्यू की तैयारी शुरू कर दी. उनकी स्कूलिंग भी स्टार किड्स वाले स्कूल में ही हुई हैं.

**मुंबई के सबसे महंगे स्कूल से की है पढाई**

सुहाना खान, शनाया कपूर और अनन्या पांडे की तरह राशा ने भी अपनी पढाई मुंबई के धीरूभाई अंबानी स्कूल से पूरी की है. साथ ही साल 2021 में उन्होंने आईजीसीएसई यानी इंटरनेशनल जनरल सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन का टेस्ट भी पास कर लिया. एक्टिंग के अलावा फोटोग्राफी को लेकर भी राशा पैशनेट हैं. सुहाना खान से लेकर कई स्टार किड सोशल मीडिया पर उन्हें फॉलो भी करते हैं. वैसे तो राशा को फिल्मों के कई सारे ऑफर्स आए, लेकिन वो एक पीरियड ड्रामा फिल्म के साथ अपना डेब्यू कर रही हैं.

**अभिषेक कपूर की फिल्म से करेंगी डेब्यू**

राशा अजय देवगन के भांजा अमन देवगन के साथ 'आजाद' में स्क्रीन शेयर करेंगी. ये इन दोनों का ये बॉलीवुड डेब्यू होगा. 'केदारनाथ', 'काय पो चे' जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले अभिषेक कपूर ने 'आजाद' का निर्देशन किया है.

# शाहरुख खान

## की ग्रैंड बर्थडे पार्टी में 250 लोगों को न्योता, गौरी ने बनाया पूरा प्लान



दो नवंबर का दिन बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के साथ-साथ उनके तमाम फैन्स के लिए भी बेहद खास होता है. इस दिन शाहरुख अपना जन्मदिन अकेले नहीं मनाते, बल्कि दुनियाभर में मौजूद उनके फैन्स उनके बर्थडे को धूम-धाम से सेलिब्रेट करते हैं. इस बार गौरी खान ने पति शाहरुख खान के बर्थडे के लिए खास प्लान तैयार किया है. उन्होंने 250 से ज्यादा मेहमानों की लिस्ट बनाई है और उन्हें किंग खान की बर्थडे पार्टी में इनवाइट किया है.इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि गौरी ने शाहरुख के 59 साल होने का जश्न मनाने के लिए बड़ी तैयारी की है. किंग खान इस बार अपना बर्थडे करीबी दोस्तों, परिवारवालों के अलावा बॉलीवुड के सितारों के साथ भी सेलिब्रेट करेंगे. गौरी ने अपनी टीम के साथ मिलकर 250 से ज्यादा मेहमानों को पार्टी की दावत दी है.



**इन सितारों को भेजा गया न्योता**

शाहरुख खान की ग्रैंड बर्थडे पार्टी के लिए गौरी ने रणवीर सिंह, सैफ अली खान, करीना कपूर खान, करिश्मा कपूर, एटली जोया अख्तर, फराह खान, आलिया भट्ट, शाहीन भट्ट, अनन्या पांडे, करण जौहर, शनाया कपूर, महीप कपूर, शालिनी पस्सी और नीलम कोठारी जैसे सितारों को बुलावा भेजा है. माना जा रहा है कि ये सभी सितारे किंग खान की बर्थडे पार्टी में चार चांद लगाते नजर आएंगे.

**शाहरुख करेंगे फिल्म का ऐलान ?**

रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि शाहरुख खान इस खास मौके पर अपनी अगली फिल्म 'किंग' का ऐलान कर सकते हैं. हालांकि अभी तक इस बारे में कोई कंफर्मेशन नहीं आई है. इस फिल्म से ही सुहाना खान बॉलीवुड में कदम रखने वाली है. शाहरुख इसमें डॉन के किरदार में दिख सकते हैं.शाहरुख खान फिलहाल सुहाना और आर्यन के साथ दुबई में हैं. हाल ही में आर्यन खान के ब्रांड डी यावोल के एक इवेंट में शाहरुख खान पहुंचे थे और वहां जमकर डांस भी किया था.

## 'मैं गुम हो गया था...' 90S में शाहरुख-सलमान-आमिर संग तुलना पर क्या बोले चंकी पांडे?



बॉलीवुड इंडस्ट्री में चंकी पांडे एक जाना-माना नाम हैं और अब तो उनकी बेटी अनन्या पांडे भी कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं. एक्टर 4 दशक से फिल्मों में सक्रिय हैं. वे उस दौर में आए जब उन्हें कई सारे एक्टर्स के साथ कॉम्पिटीट करना पड़ा. एक्शन में सनी देओल, अक्षय कुमार और संजय दत्त जैसे स्टार्स थे, रोमांस की कमान शाहरुख खान ने संभाल ली थी और दूसरी तरफ आमिर खान और अजय देवगन ड्रामा फिल्में ला रहे थे. सभी कलाकार किसी ना किसी जॉनर में रम गए थे. ऐसे में 80s-90s में चंकी पांडे को अपने करियर में काफी स्ट्रगल करना पड़ा. अब एक्टर ने इसपर सालों बाद बात की है.

**चंकी पांडे ने स्ट्रगल पर की बातें**

1987 में आग ही आग फिल्म से करियर शुरू करने वाले बॉलीवुड एक्टर चंकी पांडे ने कहा कि उन्हें करियर के दौरान काफी रिजेक्शन्स देखने पड़े. फिल्मों में ही नहीं उन्हें टीवी के लिए भी रिजेक्शन्स झेलने पड़े थे. एक्टर को उनका अटायर देखकर एक बार किसी ने बोल दिया था कि उन्हें टार्जन के रोल के लिए ऑडिशन नहीं चाहिए हीरो के रोल के लिए चाहिए, अपना लक कहीं और ट्राए करें. चंकी ने बताया कि 90ह्र के दौर में लीडिंग एक्टर की कैटेगिरीज डिवाइड हो गई जिसकी वजह से उन्हें लीड रोल पाने के लिए दिक्कत होने लगी.

**तीनों खान के बारे में क्या बोले चंकी पांडे**

खान्स के साथ कॉम्पिटिशन के बारे में बात करते हुए चंकी पांडे ने कहा- मैं कहीं गुम हो गया था. कई सारे लोगों की एंट्री एक साथ हो गई. मैं किसी और को नहीं बल्कि खुद को ही इसका ब्लेम दूंगा. मैं उस समय नया खून था. मैंने तरह तरह के रोल्स करने शरू कर दिए. जो भी रोल्स मुझे मिलता मैं करने लगता, पैसा भी मिलता था. मेरी प्राथमिकताएं बदल गई और यही वजह है कि मैं उस हिसाब के रोल्स कैप्चर नहीं कर पाया. चंकी पांडे की पिछली फिल्म सरदार थी और अब वे विजय 69 फिल्म का हिस्सा हैं.

## एलिस के सामने आया बॉयफ्रेंड कंवर ढिल्लों का सच, सलमान के खुलासे के बाद फूट-फूटकर रोई एक्ट्रेस



बिग बॉस 18 के घर में सलमान खान ने दिवाली के जश्न की शुरुआत की है. जी हां, हमेशा शनिवार और रविवार को ऑन एयर होने वाला 'वीकेंड का वार' इस हफ्ते शुक्रवार से लेकर रविवार तक लगातार 3 दिन तक चलने वाला है. जाहिर सी बात है कि बिग बॉस के मंच पर सलमान अपने शब्दों के पटाखों के जरिए दर्शकों का खूब मनोरंजन का खूब मनोरंजन का रहे हैं. इस आतिशबाजी के दौरान सलमान ने पहला बम एलिस कौशिक पर फोड़ा. दरअसल बिग बॉस के घर में एलिस ने घरवालों से कहा था कि उनके बॉयफ्रेंड कंवर ढिल्लों ने उन्हें शादी के लिए प्रपोज किया था. लेकिन सलमान खान ने 'वीकेंड का वार' पर बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि एलिस, कंवर ढिल्लों ने इस बात को झुठला दिया है. सलमान के इस खुलासे से एलिस पूरी तरह से टूट गईं.

सलमान बोले,हाल ही में कंवर ढिल्लों ने एक इंटरव्यू में बताया कि मैंने कभी भी एलिस को शादी के लिए प्रपोज नहीं किया था, मैंने उन्हें



कहा था कि मैं एलिस जैसी लड़की से मैं फ्यूचर में शादी करना चाहूंगा. हालांकि न ही मैंने एलिस को शादी के लिए प्रपोज किया और न ही मैं अभी शादी के लिए तैयार हूं और अगले 5 सालों तक मेरा शादी का कोई इरादा नहीं है. जब एलिस ने नेशनल टीवी पर ये बात कह दी तब मेरी मां ने मुझे एक लुक दिया और मैंने उन्हें बताया कि ऐसा कुछ नहीं है.

**फूट-फूटकर रोईं एलिस**

सलमान की बातें सुनकर एलिस को लगा कि वो उनसे मस्ती कर रहे हैं. लेकिन जब उन्हें पता चला कि सलमान सच बोल रहे हैं तब उनके चेहरे से रंग उड़ गए. उन्होंने कहा कि मैं भी शादी अभी नहीं करना चाहती. मैं भी 5 साल तक शादी नहीं करना चाहती. लेकिन अगर उन्होंने मेरे बारे में ऐसे कहा है कि उन्होंने कभी मुझसे शादी की बात नहीं की थी तो वो गलत है. उनके माता-पिता को इस बारे में पता है.

**घरवालों ने दी सलाह**

सलमान के जाने के बाद विवियन डीसेना, ईशा सिंह के साथ एलिस के कई दोस्तों ने उन्हें सलाह दी कि वो अभी इस मामले पर रियेक्ट न करें, क्योंकि कंवर ने ये क्यों बोला इसके पीछे भी कोई वजह होगी. घरवालों ने समझाने के बावजूद इस मुद्दे को लेकर ईशा फिर भी काफी भावुक हो रही थीं .

## जापान ने जीता आईआईएचएफ आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिप का खिताब

एजेंसी

**बीजिंग।** जापान ने बीजिंग के शौगांग आइस हॉकी एरेना में चीन को 5-0 से हराकर आईआईएचएफ आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। जापान ने शुरू से ही नियंत्रण बनाए रखा, पहले दौर में 23 शॉट लगाए और एक गोल के साथ शुरुआती बढ़त हासिल की। चीन ने दूसरे दौर में अपना बचाव कड़ा किया, जिससे जापान के स्कोरिंग के मौके सीमित हो गए, लेकिन अंतर को पाटने में असफल रहा। अंतिम दौर में, जब चीन ने बराबरी करने के लिए कड़ी मेहनत की, तो घरेलू टीम की गलतियाँ बढ़ने लगीं, जिससे जापान को चार और गोल करने और 5-0 की जीत के साथ चैंपियनशिप पर कब्ज़ा करने का मौका मिला। इससे पहले कजाकिस्तान ने पेनल्टी शूटआउट में दक्षिण कोरिया को 5-4 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और कजाकिस्तान की टीमें शामिल थीं। यह टूर्नामेंट तीन दिनों तक राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला गया। अगला संस्करण 2025 में कजाकिस्तान की मेजबानी में आयोजित किया जाएगा।

## भारत ने अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चार स्वर्ण सहित जीते 17 पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य सहित कुल 17 पदक जीते। पदक जीतने वाले मुक्केबाजों में 11 खेलों इंडिया से जुड़े हैं और इनमें से आठ भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के प्रशिक्षु हैं। अमेरिका के कोलोराडो में आयोजित हुई इस चैंपियनशिप में पार्थवी ग्रेवाल, वंशिका गोस्वामी और हेमंत सांगवान ने स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट में 19 में 17 मुक्केबाजों ने पदक जीते। भारत को महिला वर्ग में 10 पदक और पुरुष वर्ग में सात पदक मिले। पार्थवी ने महिलाओं के 65 किग्रा फाइनल में नीदरलैंड्स की आलिया होपेमा पर 5-0 से जीत दर्ज की। वंशिका ने 80 किग्रा वर्ग में जर्मनी की विक्टोरिया गैट को हराया और कृषा वर्मा ने महिला, 75 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। पुरुष वर्ग में हेमंत ने 90 किग्रा वर्ग में अमेरिका के रिशोन सिम्स पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके स्वर्ण जीता। इसके अलावा निशा (51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (54 किग्रा) और कृतिका वासन (80 किग्रा), चंचल चौधरी (महिला, 48 किग्रा), अंजलि सिंह (महिला, 57 किग्रा), विनी (महिला, 60 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (महिला, 70 किग्रा), राहुल कुंडू (पुरुष, 75 किग्रा) को रजत पदक मिले।

## 175 साइकिल चालकों की बड़ी भागीदारी के बीच टूर डी सनावर संपन्न

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सनावर स्थित द लॉरेंस स्कूल की ओर से स्कूल के पूर्व छात्र संगठन द ओल्ड सनावरियन सोसाइटी के सहयोग से आयोजित वार्षिक साइक्लोथॉन टूर डी सनावर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चार आयु वर्गों में 16 स्कूलों और 20 से अधिक शहरों, जिनमें बेंगलुरु, पुणे और गुवाहाटी शामिल हैं, के 175 साइकिल चालकों ने भाग लिया। हीरो साइकिल्स के चेयरमैन पंकज मुंजाल (जो स्कूल के पूर्व छात्र भी हैं) और ओल्ड सनावरियन सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज सप्रू ने स्कूल के प्रधानाध्यापक हिम्मत सिंह ढिल्लों की मौजूदगी में साइकिलिंग रेस को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण लक्ष्य जांगिड़ द्वारा किया गया साहसी साइकिल स्टंट शो था, जो एक पेशेवर एमटीबी स्टंट राइडर और चार बार के विश्व चौंपियन होने के साथ-साथ साइकिल स्टंट में विश्व रिकॉर्ड धारक भी हैं। जूनियर वर्ग में लड़कियों में लॉरेंस स्कूल सनावर की आरिनी और लड़कों में स्टोक्स मेमोरियल शिमला के सार्थक ठाकुर ने पहला स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में लड़कियों और लड़कों में क्रमशः लॉरेंस स्कूल सनावर की मनस्वी बडोला और जीएमएसएस के अर्नव ने पहला स्थान प्राप्त किया। शिमला की दिविजा सूद और दिव्यांश कौशल ने क्रमशः एमेच्योर महिला और पुरुष वर्ग में जीत हासिल की।

## मैं एक कप्तान और बल्लेबाज के रूप में विफल रहा: रोहित

**मुबंई ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि कप्तान तथा बल्लेबाज के रूप में वह विफल रहे और इस हार को पचा पाना आसान नहीं है। रोहित ने कहा, जाहिर तौर पर एक टेस्ट और श्रृंखला हारना कभी भी आसान नहीं रहता है। हमने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली और हम इसे स्वीकार करते हैं। न्यूजीलैंड ने हमसे बहुत बेहतर क्रिकेट खेली। हमने बहुत गलतियां की और हम सभी को इसे स्वीकारना होगा।उन्होंने कहा, हमने पहली पारी में स्कोरबोर्ड पर पर्याप्त रन नहीं बनाए, इसलिए हम खेल में पीछे थे। लेकिन यहां हमारे पास पहली पारी में 30 रनों की बढ़त थी और हमें लगा कि हम खेल में आगे हैं। यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, हम और बेहतर कर सकते थे। उन्होंने शुभमन गिल, ऋषभ पंत और वॉशिंगटन सुंदर की तारीफ करते हुए कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरे दिमाग में विशेष योजनाएं होती हैं, लेकिन इस श्रृंखला में परिणाम मेरे पक्ष में नहीं आया जो कि बेहद निराशाजनक है। (गिल, पंत और वॉशिंगटन) उन्होंने हमें बताया कि इस पिच पर कैसी बल्लेबाजी की जानी चाहिए।

# मौजूदा रणजी ट्रॉफी सत्र के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेंगे रिद्धिमान साहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिद्धिमान साहा रणजी ट्रॉफी के मौजूदा संस्करण के बाद खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लेंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज साहा ने 2010 और 2021 के बीच 40 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और नौ टी20आई में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स सहित विभिन्न पक्षों के लिए 170 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों में भी हिस्सा लिया। साहा ने रात एक्स पर पोस्ट किया, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। रिटायर होने से पहले मैं बंगाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक आखिरी बार सम्मानित महसूस कर रहा हूं, मैं सिर्फ रणजी ट्रॉफी में खेलूंगा। इस अविश्वसनीय सफर का हिस्सा बनने वाले सभी लोगों का शुक्रिया, आपका समर्थन दुनिया के लिए मायने रखता है। आइए इस सीजन को यादगार बनाएं... 2007 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने वाले साहा ने बंगाल के लिए 15 साल तक खेला, उसके बाद



बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के बाद त्रिपुरा चले गए। तत्कालीन सीएबी प्रमुख अविषेक डालमिया ने साहा को मनाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि वह अब बंगाल के लिए नहीं खेल सकते हैं। वह सीएबी के एक वरिष्ठ अधिकारी की टिप्पणियों से नाराज थे, जिन्होंने व्यक्तिगत कारणों से रणजी ट्रॉफी के ग्रुप चरण को छोड़ने का फैसला करने के बाद साहा की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए थे। यहां तक कि उन्होंने बंगाल टीम के व्हाट्सएप ग्रुप को भी छोड़ दिया, जबकि कोच अरुण लाल ने भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी से बात की थी। खिलाड़ी-संरक्षक की भूमिका निभाने वाले साहा के नेतृत्व में त्रिपुरा ने पिछले सीजन में घरेलू टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया था। हालांकि, भारत के पूर्व कप्तान और तत्कालीन बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली के साथ बैठक के बाद, साहा इस सीजन में बंगाल लौट आए - यह स्पष्ट संकेत है कि यह उनका आखिरी सीजन हो सकता है।साहा ने पहले यह स्पष्ट कर दिया था कि वह बंगाल के लिए केवल लाल गेंद वाले क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करेंगे और सफेद गेंद वाले टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। उनके लिए अब तक, यह घरेलू वापसी यादगार नहीं रही है, वे दो मैचों में शून्य पर आउट हुए हैं और विकेट के पीछे तीन कैच लिये हैं।

साहा दिसंबर 2021 से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं और 2022 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान उन्हें तत्कालीन भारतीय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया था कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन उनसे आगे की सोच रहे हैं। हालांकि, उन्होंने आईपीएल में खेलना जारी रखा और 2022 में गुजरात टाइटन्स का हिस्सा थे जब उसने अपना पहला खिताब जीता था।

## अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट 21 नवंबर से, 10 टीमें लेंगी हिस्सा, 12 दिन में खेले जाएंगे 40 मैच

ABU DHABI T10

एजेंसी

**अबू धाबी।** अबू धाबी टी10 का आठवां सीज़न 21 नवंबर से शुरू हो रहा है, टूर्नामेंट का पहला मैच टीम अबू धाबी और अजमान बोल्ट्स के बीच खेला जाएगा। इस साल के टूर्नामेंट में एक विस्तारित प्रारूप है जिसमें 10 टीमें एक रोमांचक सीज़न में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जहां शीर्ष पांच टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ी लड़ाई में शामिल होंगी। प्रतिष्ठित जायद क्रिकेट स्टेडियम, अबू धाबी क्रिकेट और स्पोर्ट्स हब में केवल 12 दिनों में 40 से अधिक मैचों का आयोजन करेगा। प्लेऑफ़ सप्ताहांत के दौरान होंगे, जिसकी शुरुआत 1 दिसंबर को क्वालीफायर 1 से होगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें शामिल होंगी। चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर 1 में भिड़ेंगी, उसके बाद एलिमिनेटर 2 होगा, जहां टीम 3 एलिमिनेटर 1 के विजेता से भिड़ेगी। क्वालीफायर 1 की उपविजेता फिर क्वालीफायर 2 में एलिमिनेटर 2 के विजेता से भिड़ेंगी। ग्रैंड फिनाले 2 दिसंबर को होगा, जहां क्वालीफायर 1 और क्वालीफायर 2 के विजेता खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।2024 संस्करण में 18 विभिन्न देशों के खिलाड़ी शामिल हैं। जोस बटलर, जॉनी बेयरस्टो, मार्कस स्टोइनिस, लॉकी फर्ग्यूसन और राशिद खान जैसे क्रिकेट सुपरस्टार सभी टीमों के स्टार-स्टडेड रोस्टर में शामिल होंगे, जो क्रिकेट के एक अविस्मरणीय सीज़न का वादा करेंगे।

## लखनऊ सुपरजायंट्स मेरे लिए टीम नहीं, बल्कि परिवार है : मोहसिन खान

एजेंसी

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद निवासी मध्यम गति के गेंदबाज मोहसिन खान ने बताया कि मेरी शुरुआत लखनऊ सुपरजायंट्स टीम से हुई है। लखनऊ सुपरजायंट्स मेरे लिए टीम नहीं, बल्कि परिवार है। मेरे मुश्किल वक्त में भी टीम ने मुझे नहीं छोड़ा और सबने बहुत हौसला दिया। मोहसिन खान को दीपावली पर आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपरजायंट्स ने चार करोड़ रुपये में लिया है।

लखनऊ सुपरजायंट्स टीम के शुरुआती सदस्यों में शामिल होने पर मोहसिन की खुशी का ठिकाना नहीं है। इस दिवाली के उत्सव ने उनकी खुशियों को 10 गुना अधिक कर दिया क्योंकि उन्होंने टीम की नई जर्सी मिलने पर कोच व परिजनों के साथ उत्साह के साथ दीपावली मनाई। मोहसिन ने बताया कि वह पिछले चार साल से लखनऊ सुपरजायंट्स टीम से जुड़े हैं। पिछले दो सीजन उनके लिए



बेहतरीन रहे हैं। उन्होंने मैदान में तब चौंकाने वाला प्रदर्शन किया जब उनके पिता आईसीयू में भर्ती रहे। मोहसिन खान ने कहा कि साल 2022 में आईपीएल लखनऊ-मुंबई के बीच हुए मैच में उन्होंने आखिरी ओवर में लखनऊ के खिलाफ 11 रन नहीं बनने दिए थे। वह टीम के लिए शुरुआती विकेट निकालने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे हैं। यही वजह रही कि लखनऊ की टीम ने एक बार फिर उन पर बड़ा दांव लगाया है।

## पेरिस मास्टर्स : खिताबी मुकाबले में हम्बर्ट का सामना ज्वेरेव से

एजेंसी

**पेरिस।** फ्रांसीसी स्टार उगो हम्बर्ट ने पेरिस मास्टर्स में घरेलू मैदान पर करेन खाचानोव को 6-7(6), 6-4, 6-3 से हराकर मास्टर्स 1000 स्तर पर अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। अपने सातवें टूर-लेवल खिताब की तलाश में, हम्बर्ट चैंपियनशिप मैच में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे। ज्वेरेव ने छह मास्टर्स 1000 खिताब, दो एटीपी टूर फाइनल और टोक्यो में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता है। इस साल की शुरुआत में, हम्बर्ट ने दुबई और मार्सिले में ट्रॉफी जीती, जबकि ज्वेरेव ने रोम में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में ताज जीता। हम्बर्ट ने खाचानोव के खिलाफ मैच के बाद कहा, पेरिस में अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में ऐसा करना अद्भुत है। यह एक सपना है। पिछले मैचों की तुलना में यह थोड़ा मुश्किल था। मुझे थोड़ा ज़्यादा दबाव महसूस हुआ और पहला सेट हारने के बाद मैंने उस पल



का लुत्फ़ उठाने और दर्शकों के साथ रहने की कोशिश की। मैंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और मुझे इस पर बहुत गर्व है।इस सप्ताह की शुरुआत में हंबर्ट ने कार्लोस अल्काराज को हराया था। खाचानोव के खिलाफ़ 35 विनर्स लगाने वाले फ्रांसीसी खिलाड़ी एटीपी लाइव रैंकिंग में चार पायदान ऊपर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं और अगर वह खिताब जीतते हैं तो सोमवार को अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 11वें स्थान पर पहुंच जाएंगे।

## एसआईएस पिचेस ने आठ नई हाइब्रिड क्रिकेट पिचों का किया निर्माण

एजेंसी

**हमीरपुर।** भारत में उच्च गुणवत्ता वाली क्रिकेट सुविधाओं की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए खेल सतह डिजाइन, निर्माण और स्थापना में वैश्विक अग्रणी कम्पनी एसआईएस पिचेस ने आठ नए हाइब्रिड क्रिकेट पिचों का निर्माण पूरा होने की घोषणा की है।इन आठ पिचों में से चार हमीरपुर के अमतर में अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम और चार अन्य बिलासपुर में लुहनु क्रिकेट स्टेडियम में बनाई गई हैं। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में हाइब्रिड पिचों के सफल निर्माण के बाद ये नई पिचें दोनों स्थानों पर अधिक खेलों की मेजबानी और देश भर में क्रिकेट के बढ़ते उत्साह को पूरा करने की अधिक क्षमता प्रदान करेंगी। अमतर और बिलासपुर में दो-दो पिच मैदान के बीच में बनाई गई हैं जबकि दो-दो अतिरिक्त पिचें समर्पित अभ्यास क्षेत्र में तैयार की गई हैं। नई पिचें बिलासपुर और अमतर दोनों में सभी स्तरों पर क्रिकेटरों के लिए खेल की स्थिति और पेशेवर गुणवत्ता प्रशिक्षण सुविधाओं को बेहतर बनाएंगी। एसआईएस पिचेस ने अमतर के अभ्यास क्षेत्र में विशेष रूप से डिजाइन किए गए टर्फ का 30 वर्ग मीटर विस्तार भी किया है। यह अतिरिक्त टर्फ यहां की क्रिकेट महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भविष्य की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा। एसआईएस पिचेस के अंतरराष्ट्रीय सेल्स डायरेक्टर पॉल टेलर ने कहा भारत भर में हाइब्रिड पिचों के लिए बढ़ती रुचि को देखना उत्साहजनक है। बिलासपुर और अमतर में टीमों के साथ काम करना एक अच्छा अनुभव रहा है।

## आईएसएल : अपनी पिछली हार से उबरने के लिए भिड़ेंगे जमशेदपुर और चेन्नइयन

एजेंसी

**जमशेदपुर।** चेन्नइयन एफसी और जमशेदपुर एफसी अपनी पिछली हार से उबरने के लिए आज शाम जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में भिड़ेंगी। जमशेदपुर को अपने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से 5-0 की करारी हार मिली जबकि चेन्नइयन एफसी को नई दिल्ली में पंजाब एफसी ने 3-2 से हराया। आगामी मैच में, स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल और फारुख चौधरी व डेनियल चीमा चुक्कू पूर्व टीम के खिलाफ अपने पुराने मैदान पर उतरेंगे। कॉयल ने 2021-22 में जमशेदपुर को चैंपियनशिप की सफलता दिलाई थी। जमशेदपुर जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चेन्नइयन के खिलाफ पिछले चार मैचों में अपराजित रहे हैं। इस दौरान



उन्होंने एक मैच जीता है और तीन ड्रा खेले हैं। इस मैदान में चेन्नइयन एफसी (1-0) को एकमात्र जीत लगभग सात साल पहले 28 दिसंबर, 2017 को मिली थी।लगातार तीन घरेलू जीत के साथ जमशेदपुर एफसी इस सीजन में अपने घर में निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने प्रत्येक मैच में कम से कम दो गोल किए हैं। कॉयल ने आईएसएल में अपने पूर्व क्लब जमशेदपुर एफसी का चार बार सामना किया है जिनमें दो जीत और दो ड्रा हैं। कॉयल की टीमों ने जमशेदपुर के खिलाफ 11 गोल किए हैं। चेन्नइयन ने प्रति मैच 26.5 क्रॉस डाले हैं - जो लीग में सबसे ज्यादा है। जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील को लगता है कि उनकी टीम हाईलैंडर्स के हाथों करारी हार को पीछे छोड़कर बेहतर प्रदर्शन करेगी। जमील ने कहा, हमें करारी हार मिली है, इसलिए अब प्रयास करके सुधार करने और बेहतर करने का समय है। हमें अपनी गलतियों पर सोचने और सुधारने के लिए पर्याप्त समय मिला और हम बेहतर करने की कोशिश करेंगे। कॉयल ने मैच से पहले अपने समकक्ष जमील की प्रशंसा की। उन्होंने जोर दिया कि विरोधियों की प्रशंसा का मतलब यह नहीं है वह तीन अंक जीतने के लिए हर संभव प्रयास नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, खालिद एक बेहतरीन कोच हैं। जमशेदपुर एफसी ने उन्हें अवसर दिया है जिसे उन्होंने भुनाया है। लेकिन मैच में हम जीत का हर संभव प्रयास करेंगे। दोनों टीमों ने आईएसएल में 14 मैच खेले हैं। चेन्नइयन एफसी छह बार जीती है, जबकि जमशेदपुर एफसी ने तीन मैच जीते है। पांच मुकाबले ड्रा रहे हैं।

## रूस की श्नाइडर ने जीता डब्ल्यूटीए हांगकांग ओपन का खिताब

**हांगकांग।** डायना श्नाइडर ने ब्रिटिश खिलाड़ी केटी बौल्टर को 6-1, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए हांगकांग ओपन का खिताब जीत लिया। विश्व में 14वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीयता प्राप्त श्नाइडर ने जर्मनी में बैड होम्बर्ग ओपन, थाईलैंड में हुआ हिन चैंपियनशिप और हंगरी में बुडापेस्ट ग्रैंड प्रिक्स में खिताबी जीत के साथ इस सत्र का अपना चौथा खिताब जीता। खिताबी जीत के बाद 20 वर्षीय रूसी खिलाड़ी ने कहा, मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं उच्च स्तर पर थी। निश्चित रूप से,मैं जिस तरह से प्रतिस्पर्धा कर रही हूं, उससे खुश और गौरवान्वित हूं। दूसरी वरीयता प्राप्त और सत्र का अपना तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी बौल्टर ने इस कठिन मैच के बारे में कहा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी।

# राइवलरी वीक में पुणेरी पलटन ने यू मुंबा को सात अंक से हराया

एजेंसी

**हैदराबाद।** मौजूदा चैंपियन पुणेरी पलटन ने खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के 32वें मैच में यू मुंबा को 35-28 से हराकर अंकतालिका में नंबर वन का स्थान हासिल कर लिया। यहां गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन पुणेरी पलटन की छह मैचों में यह चौथी जीत है। टीम के अब 24 अंक हो गए हैं और वो अंकतालिका में टॉप पर पहुंच गई है। यू मुंबा की पांच मैचों में यह दूसरी हार है। पुणेरी पलटन के लिए कप्तान असलम इनामदार ने सबसे ज्यादा 10 अंक हासिल किए जबकि डिफेंडर गौरव खत्री ने सात और मोहित गोयत ने नौ प्वॉइंट बटोरे। यू मुंबा की ओर से अजित चव्हाण ने सबसे ज्यादा नौ प्वॉइंट अपने नाम किए। उनके अलावा मंजीत ने छह और आमिरमोहम्मद जफरदानिश ने चार अंक लिए। पुणेरी पलटन ने मैच में शानदार आगाज किया और लगातार



तीन अंक ले लिए। सीजन दो की चैंपियन यू मुंबा ने चौथे मिनट में जाकर अपना खाता खोला। मुंबा ने फिर सुपर टैकल करके जल्द ही स्कोर को 5-5 की बराबरी पर ला दिया। मुंबा के लिए फिर अजित चव्हाण ने सुपर रेड लगाकर पहले 10 मिनट के अंदर ही अपनी टीम को लीड में ला दिया। डिफेंडिंग चैंपियन ने फिर सुपर टैकल करके खुद को लीड में ला दिया। कप्तान असलम इनामदार ने फिर लगातार दो सुपर रेड लगाकर पुणेरी को 13-9 से आगे कर दिया। पुणेरी ने अगली ही रेड में यू मुंबा को ऑलआउट करके स्कोर को 17-10 का कर दिया। मुंबा मैच में लगाताप पिछड़ती जा रही थी और पुणेरी पलटन 10 प्वॉइंट से आगे हो चुकी थी।लेकिन पहले हाफ से पहले ही मंजीत ने सुपर रेड लगाकर पुणेरी पलटन की लीड को और कम कर दिया। इसके बावजूद पुणेरी पलटन ने पहले 20 मिनट के खेल में खुद को 22-16 से आगे रखा। दूसरे हाफ के शुरू होने के बाद पुणेरी का डिफेंस चल पड़ा। टीम के लिए स्टार डिफेंडर गौरव खत्री ने इस सीजन का अपना तीसरा हाई फाइव पूरा कर लिया। गौरव के बाद असलम ने भी डू ऑर डाई में सुपर रेड करके पुणेरी पलटन को 26-17 से आगे कर दिया। इसी बीच, कप्तान असलम सीजन का अपना पहला सुपर 10 भी पूरा कर लिया। पुणेरी की लीड कम और ज्यादा हो रही थी लेकिन टीम के पास 30वें मिनट तक छह प्वॉइंट की बढ़त बरकरार थी। मुकाबले के अंतिम 10 मिनटों के खेल में यू मुंबा का वापसी का प्रयास जारी था। टीम लगातार डू ऑर डाई पर खेल रही थी।

## हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का 14वां संस्करण 31 टीमें करेंगी प्रतिस्पर्धा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में सोमवार से शुरु हो रही हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का 14वें संस्करण कुल 31 टीमें हिस्सा लेंगी।

मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में होने वले इस टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली 31 टीमों को आठ पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर-फाइनल में आगे बढ़ेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने आगामी टूर्नामेंट को लेकर कहा, हम चेन्नई में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करके बहुत खुश हैं, यह एक समृद्ध हॉकी विरासत वाला शहर है। यह चैंपियनशिप देश भर से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करती है और भारतीय हॉकी के भविष्य के सितारों को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण आयोजन है। मैं सभी टीमों को शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, यह चैंपियनशिप उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी और गहन प्रतिस्पर्धा देने का वादा करती है। हमने भागीदारी में जबरदस्त वृद्धि देखी है, और देश के सभी कोनों से उत्साह देखना उत्साहजनक है। मैं कुछ रोमांचक मैचों की प्रतीक्षा कर रहा हूं क्योंकि टीमें प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं।

HOCKEY INDIA

# बंगाल वॉरियर्स ने रोका हरियाणा स्टीलर्स का विजय रथ

एजेंसी

**हैदराबाद।** बंगाल वॉरियर्स ने माइटी मनिंदर और फजल अत्राचली के दम पर प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के 31वें मैच में हरियाणा स्टीलर्स को 40-38 से हरा दिया।गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में आज खेले गए मैच में मिली जीत के बाद बंगाल अब अंकतालिका में चौथे नंबर पर पहुंच गई है। बंगाल की सीजन-8 के बाद से हरियाणा के खिलाफ यह पहली जीत है। बंगाल वॉरियर्स की पांच मैचों में यह दूसरी जीत है और टीम के अब 17 अंक हो गए हैं। वहीं, हरियाणा को लगातार तीन जीत के बाद पहली और इस सीजन की दूसरी हार मिली है। बंगाल के लिए माइटी मनिंदर सिंह ने सुपर 10 लगाते हुए 12 अंक लिए जबकि कप्तान फजल अत्राचली ने चार अंक जुटाए। हरियाणा के लिए विनय ने सुपर 10 लगाया जबकि मोहम्मदरेजा शादलू ने नौ अंक हासिल किए। अपनी लगातार चौथी जीत की तलाश में उतरी हरियाणा स्टीलर्स ने शुरुआती पांच मिनटों के खेल में एक प्वॉइंट से खुद को आगे रखा। इसके कुछ देर बाद ही शिवम पटारे ने सुपर रेड लगाकर स्टीलर्स को 9-3 की लीड दिला दी। हरियाणा ने अपनी बढ़त को बराकरार रखते हुए पहले 10 मिनटों के खेल में पांच प्वॉइंट की लीड ले ली और स्कोर को 12-7 तक पहुंचा दिया। माइटी मनिंदर सिंह अभी मैट पर मौजूद थे और



उन्होंने लगातार अंक लेकर बंगाल वॉरियर्स की वापसी करा दी। इसके बाद 14वें मिनट में जाकर बंगाल ने स्कोर को 13-13 की बराबरी पर ला दिया। वॉरियर्स अब मैच में लीड में आ चुकी थी। अगले ही मिनट में बंगाल ने हरियाणा को ऑलआउट करके स्कोर को 18-15 से अपने पक्ष में कर लिया। लेकिन बंगाल की भी उस समय खत्म हो गई जब हरियाणा ने शिवम पटारे और विनय के लगातार अंक की बदौलत स्कोर को 18-18 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने एक-एक अंक लेकर पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर को 19-19 की बराबरी पर रखा।

हाफ शुरू होते ही बंगाल ने सुपर टैकल से दो अंक और अपने खाते में जोड़ लिए। 25वें मिनट तक बंगाल के पास पांच अंक की बढ़त आ चुकी थी और टीम लय पकड़ चुकी थी। यहां से मनिंदर ने लगातर अंक लेकर इस सीजन का अपना पहला और पीकेएल करियर का अपना 73वां सुपर 10 पूरा कर लिया और स्कोर को 29-23 का कर दिया। मैच के अंतिम 10 मिनटों के खेल में बंगाल और हरियाणा के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। 33वें मिनट में हरियाणा ने सुपर टैकल करके दो अंक दो और ले लिए। इसके बाद मोहम्मदरेजा शादलू ने भी रेडिंग में अंक लेकर हरियाणा को बंगाल के करीब ला दिया। शादलू ने इसके बाद सुपर टैकल करके हरियाणा को गेम में बनाए रखा। हालांकि टीम 37वें मिनट में खुद को ऑलआउट होने से नहीं बचा पाई। बंगाल ने इसके साथ ही पांच प्वॉइंट की लीड कायम कर ली और स्कोर को 38-33 का कर दिया। लेकिन पिक्चर अभी बाकी थी। अंतिम मिनट में विनय ने सुपर रेड लगाकर मैच को रोमांचक बना दिया। लेकिन अगली रेड में विनय टैकल कर लिए गए और बंगाल वॉरियर्स ने 40-38 से मैच को जीत लिया।

